हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, रविवार, 29 दिसंबर 2024 | अंक 77/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-



शिवशंकर आयुर्वेदिक

• डॉ. श्री बालाजी तांबे (संतुलन आयुर्वेदिक)
• श्री स्वागत तोडकर • तन्वी हर्बल क्लिनिक

इनकी दवाईयाँ उपलब्ध तथा Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।

----- विशेष उपचार -----

वात, जोडों का दर्द, सुजन, लखवा, नसो में अकडन, हड्डीयों मे (Fluid Liquid) कम हो जाना, डायबिटीज से परेशान, B.P. (Heart), पेट कि समस्या, पाईल्स, बालों की समस्या, समस्त स्त्री रोग, आदि सभी जटील रोगों पर विशेष उपचार।

नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.

फोन : 9112079000 / 8605245080

सभी प्रतिष्ठित आयुर्वेदिक कम्पनियो की दवाईयाँ तथा सभी प्रकारकी काष्ट औषधिया, दिव्य वनौषधी, जडीबुटीयाँ तथा उनके पावडर मिलने का विश्वषनिय स्थान।

# मनमोहन सिंह पंचतत्व में विलीन

**"पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के पार्थिव शरीर का निगम बोध घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। मनमोहन सिंह की बड़ी बेटी ने मुखाग्नि दी। इसी के साथ पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया।"**

**नई दिल्ली.**

## > बड़ी बेटी ने दी पिता को मुखाग्नि



पूर्व पीएम डॉक्टर मनमोहन सिंह का शनिवार को दिल्ली के निगम बोध घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार में कांग्रेस के कई दिग्गज नेता शामिल हुए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राजनाथ समेत कई नेताओं ने निगम बोध घाट पर पहुंच कर पूर्व पीएम के पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि दी। पूर्व पीएम मनमोहन सिंह की बड़ी बेटी ने पिता को मुखाग्नि दी। इसी के साथ पूर्व पीएम मनमोहन सिंह सदा के लिए पंचतत्व में विलीन हो गए।

**बड़ी बेटी ने दी मुखाग्नि**

पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह का दिल्ली के निगम बोध घाट पर नेताओं और परिवार द्वारा अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। पूर्व पीएम मनमोहन सिंह की बड़ी बेटी ने मुखाग्नि दी। इसी के साथ वह हमेशा के लिए पंचतत्व में विलीन हो गए।

**पीएम मोदी और राष्ट्रपति ने दी श्रद्धांजलि**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निगम बोध घाट पर पूर्व पीएम डॉक्टर मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी निगम बोध घाट पर पहुंच कर पूर्व पीएम को श्रद्धांजलि दी।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का 26 दिसंबर को नई दिल्ली के एम्स में निधन हो गया। वे 10 वर्षों तक भारत के प्रधानमंत्री थे। इसके अलावा वे आरबीआई गवर्नर, योजना आयोग के उपाध्यक्ष और वित्त मंत्री भी रहे।

उन्हें आधुनिक भारत के आर्थिक सुधारों के वास्तुकार के रूप में जाना जाता है। केंद्रीय सरकार ने मनमोहन सिंह के सम्मान में एक जनवरी 2025 तक सात दिनों के लिए राजकीय शोक घोषित किया है। इसके साथ ही सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में पूर्व पीएम का स्मारक बनाने की घोषणा की।



भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और मॉरीशस के विदेश मंत्री मनीष गोबिन भी पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए निगम बोध घाट पहुंचें। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने मनमोहन सिंह को अंतिम बार निगम बोध घाट पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

शनिवार को निगम बोध घाट पर उनका अंतिम संस्कार हुआ। इससे पहले सुबह 8:30 बजे से उनका पार्थिव शरीर कांग्रेस मुख्यालय में रखा गया, जहां पार्टी कार्यकर्ता व आम जनता ने उनके दर्शन किए। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस सासंद प्रियंका गांधी वाड्रा भी पार्टी कार्यालय में उपस्थित थीं। यहां पूर्व पीएम के पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि दी गई। पार्टी के शीर्ष नेताओं ने अंतिम बार पूर्व पीएम को नमन किया।

निगम बोध घाट पर मनमोहन सिंह को अंतिम सलामी दी गई। तीनों सेनाओं ने मनमोहन सिंह के पार्थिव शरीर को सलामी दी।

## भारत के बाद मॉरीशस ने भी झुकाया डॉ. मनमोहन सिंह के सम्मान में ध्वज

**नई दिल्ली:** मॉरीशस ने भी भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर उनके सम्मान में अपने देश का आधा ध्वज झुका दिया है। मॉरीशस ने घोषणा की है कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के सम्मान में शनिवार को सूर्यास्त तक सभी सरकारी कार्यालयों और संस्थानों में उसका राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा। मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम के कार्यालय ने एक विज्ञप्ति में निजी क्षेत्र से भी झंडे को आधा झुका कर फहराने का आग्रह किया। मॉरीशस के प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा, ''भारत गणराज्य के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह के निधन के बाद, जनता को सूचित किया जाता है कि उनके अंतिम संस्कार के दिन, आज शनिवार को सूर्यास्त तक सभी सरकारी भवनों पर मॉरीशस का ध्वज आधा झुका रहेगा।''

## खबरें! एक नजर में!!

### नीतीश रेड्डी पर पैसों की बारिश

**नई दिल्ली.** आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न में शतक जड़ने वाले युवा क्रिकेटर नीतीश रेड्डी पर पैसों की बारिश कर दी है. एसीए ने नीतीश रेड्डी को 25 लाख रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की. यह पुरस्कार उनके पहले टेस्ट शतक के लिए दिया गया, जो मेलबर्न में बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारत की वापसी के लिए महत्वपूर्ण था. 21 साल के रेड्डी ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर चौथे टेस्ट के तीसरे दिन भारत को नौ विकेट पर 358 रन तक पहुंचाने के लिए नाबाद 105 रन बनाए.

### राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा

**पोर्ट ब्लेयर.** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा के लिए अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के दौरे पर हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री शुक्रवार को पोर्ट ब्लेयर पहुंचे और उपराज्यपाल एडमिरल (सेवानिवृत्त) डी के जोशी के साथ बैठक की।बाद में उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा की।

### सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को निर्देश दिया

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने प्रदर्शनकार कर रहे किसानों के मामले की सुनवाई किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के जीवन और सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर की है। डल्लेवाल किसानों की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को निर्देश दिया है कि वह डल्लेवाल की मेडिकल सहायता सुनिश्चित करने के लिए तमाम उपाय करें।

### ड्रेस कोड का पालन न करने से कार्लसन अयोग्य

**न्यूयॉर्क :** अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ ने पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन को विश्व रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप के दौरान ड्रेस कोड का उल्लंघन करने के लिए नोटिस जारी किया और 200 अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाया। नॉर्वे के शतरंज ग्रैंडमास्टर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ के ड्रेस कोड का पालन करने से इनकार करने के बाद कार्लसन को विश्व रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप में भाग लेने से भी अयोग्य घोषित कर दिया गया।

### परभणी और बीड जाएंगे उद्धव ठाकरे

**मुंबई.** महाराष्ट्र में बीड के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या और परभणी हिंसा मामले में गिरफ्तार सोमनाथ सूर्यवंशी की मौत को लेकर सियासी पारा चढ़ा हुआ है। इसी बीच शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने जनवरी के पहले सप्ताह में बीड के सरपंच संतोष देशमुख के परिवार से मिलने का ऐलान कर दिया है।

### ग्रेनेड फेंकने वाले दो आतंकी गिरफ्तार

**अमृतसर.** 17 दिसंबर को अमृतसर के इस्लामाबाद थाने में ग्रेनेड हमला करने वाले दो आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से एक ग्रेनेड सहित नशे का सामान बरामद किया गया है। हिरासत में आरोपितों ने धमाका करने की बात स्वीकार की है। इस्लामाबाद थाने में धमाका करने के लिए इन बदमाशों को विदेश में बैठे गैंगस्टर जीवन फौजी ने आदेश दिया था।

# हिमाचल प्रदेश में भारी बर्फबारी के बीच फंसे सैकड़ों सैलानी

**मनाली.**

हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी के चलते मौसम सुहावना हो गया है और सैलानी इसका भरपूर मजा ले रहे हैं, लेकिन प्रशासन के लिए यह बर्फबारी परेशानियां खड़ी कर रही है। शुक्रवार रात हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी के चलते सैकड़ों सैलानी फंस गए। इनको सुरक्षित स्थानों में पहुंचाने के लिए पुलिस और प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी। अंत में होटलों और लोगों के घरों में सैलानियों को ठहराया गया। अटल टनल और सोलांग घाटी के बीच लगभग 1200 गाड़ियां फंसी रहीं।

ठंड के मौसम में बड़ी संख्या में सैलानी बर्फबारी का आनंद लेने के लिए मनाली पहुंचते हैं। छुट्टियों के समय में सैलानियों की संख्या बढ़ने के कारण प्रशासन की चुनौतियां भी बढ़ रही हैं।

**मनाली में फंसी गाड़ियां**

शुक्रवार के दिन अटल सुरंग और सोलांग घाटी के बीच दोपहर से लेकर देर रात तक लगभग 1200 गाड़ियां फंसी रहीं। रात 11 बजे तक यहां जाम लगा रहा। वहीं, चीन अधिकृत तिब्बत सीमा के नजदीक, मलिंग नाला में 150 सैलानी फंस गए।

## > अटल टनल पर लंबा जाम



लाहौल स्पीति के काजा घूमने गए लगभग 150 सैलानी, किन्नौर और लाहैल स्पिति की सीमा पर तब फंस गए जब दोनों तरफ के पहाड़ों पर भारी बर्फबारी हो गई। हिमाचल प्रदेश पुलिस नें सभी सैलानियों को सुरक्षित रेस्क्यू किया। उन्हें यंगथांग ,नाको और चांगो के गांवों में लोगों के घरों और होटलों में ठहराया गया है। घाटी में बर्फबारी लगातार जारी है।

## तालिबान ने पाकिस्तान पर किया हमला

**काबुल:** बीते मंगलवार को पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में एयर स्ट्राइक की थी। इस एयर स्ट्राइक के बाद अब अफगानिस्तान ने भी पाकिस्तान पर पलटवार किया है। तालिबानी रक्षा मंत्रालय की ओर से इस पलटवार के बारे में जानकारी दी गई है। बताया जा रहा है कि इस हमले में 19 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हुई है, जबकि तीन अफगान नागिरकों के भी मारे जाने की सूचना है। अफगानिस्तान ने ये हमला पाकिस्तान के कई इलाकों में किया है। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि उसके बलों ने पिछले हफ्ते देश पर हुए घातक हवाई हमलों के जवाब में पाकिस्तान के अंदर कई स्थानों पर हमला किया। दरअसल, पाकिस्तान ने बीते मंगलवार को अफगानिस्तान के पूर्वी पाक्तिका प्रांत में एक प्रशिक्षण केंद्र को नष्ट करने और विद्रोहियों के खिलाफ एक अभियान शुरू किया था।

# एक्ट्रेस की कार ने दो मजदूरों को मारी टक्कर, एक की हुई मौत

**मुंबई.**

शहर के कांदिवली इलाके में एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां एक मराठी एक्ट्रेस की कार ने दो मजदूरों को टक्कर मार दी। कार की टक्कर से एक मजदूर की मौत हो गई है, जबकि एक मजदूर घायल बताया जा रहा है। वहीं कार में सवार एक्ट्रेस सुरक्षित हैं। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त कार को ड्राइवर चला रहा था, जबकि एक्ट्रेस पीछे बैठी हुई थीं। वहीं एयर बैग की वजह से कार में सवार दोनों लोगों की जान बच गई। फिलहाल पुलिस ने समता नगर स्टेशन में ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

**शूटिंग से लौट रही थीं वापस**



मराठी फिल्मों की एक्ट्रेस उर्मिला कोठारे की कार का एक्सीडेंट हो गया है। मिली जानकारी के मुताबिक उनकी कार ने दो मजदूरों को टक्कर मार दी। वहीं टक्कर लगने से एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि एक मजदूर घायल बताया जा रहा है। पुलिस की तरफ मिली जानकारी के मुताबिक गाड़ी ड्राइवर चला रहा था। प्राथमिक रूप से मिली जानकारी के मुताबिक घटना बीते शुक्रवार की है, जब मराठी फिल्म इंडस्ट्री में काम करने वाली अभिनेत्री उर्मिला कोठारे अपनी शूटिंग खत्म करके वापस लौट रही थीं। इस दौरान उर्मिला की कार ने मेट्रो कंस्ट्रक्शन साइट पर काम करने वाले दो मजदूरों को टक्कर मार दी, जिसमें एक की मौत हो गई और एक घायल हो गया।

**ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज**

पुलिस के मुताबिक अभिनेत्री गाड़ी में पीछे बैठी हुई थीं और ड्राइवर गाड़ी चला रहा था। मेडिकल में यह बात साफ हो गई है कि ड्राइवर ने शराब नहीं पी थी। फिलहाल, पुलिस की टीम इस पूरे मामले पर जांच कर रही है। मुंबई की कांदिवली इलाके में यह घटना हुई और समता नगर पुलिस स्टेशन में ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। ऐसा बताया जा रहा है कि अभिनेत्री और ड्राइवर दोनों सुरक्षित हैं।

## केजरीवाल की फितरत झूठ बोलने की: कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित

**नई दिल्ली.**



दिल्ली में विधानसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर है। इस बीच कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने बयान देते हुए कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी 2100 रुपये महिला सम्मान योजना के तहत देने का वादा करती हैं। रजिस्ट्रेशन शुरू हो जाता है और उसी योजना के तहत उन्ही की सरकार का एक विभाग अखबारों में इश्तिहार देता है कि ऐसी कोई योजना है ही नहीं और ऐसा कोई फॉर्म भी नहीं निकला है। इसका मतलब आतिशी झूठ बोल रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि अरविंद केजरीवाल झूठ बोल रहे हैं कि इसी को लेकर उन्होंने दिल्ली के एलजी को शिकायत की थी। इसके बाद उपराज्यपाल ने जांच के आदेश दिए हैं।

उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली में कांग्रेस का आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन नहीं हुआ है। इसलिए कांग्रेस मजबूती से अकेले चुनाव लड़ेगी। मैं इतना बड़ा नेता नहीं हूं कि भाजपा मुझे मोहरा बनाए। अरविंद केजरीवाल की फितरत झूठ बोलने की है। संदीप दीक्षित का कहना है कि उन्होंने प्रवेश वर्मा के द्वारा पैसे बांटे जाने के मामले की भी शिकायत दिल्ली के उपराज्यपाल से की थी।

## शाहजहांपुर में दलित महिला के साथ राइफल की नोंक पर दुष्कर्म

**शाहजहांपुर.** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में एक वीभत्स घटना देखने को मिली है। दरअसल जिले क कांट थाना इलाके में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर राइफल दिखाकर एक दलित महिला के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने इस घटना की जानकारी देते हुए बताया कि जब महिला चीखी तो आरोपी अपनी राइफल और कपड़े छोड़कर भाग गया। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार ने शनिवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया की थाना कांट क्षेत्र में एक गांव में रहने वाली 32 वर्षीय महिला अपने पति व बच्चों के साथ घर में बरामदे में सो रही थी तभी आरोपी नीरज ठाकुर दीवार फांदकर घर में घुस आया।

# केजरीवाल की महिला सम्मान योजना पर बवाल

**नई दिल्ली.**

दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की महिला सम्मान योजना विवादों में फंस गई है। कांग्रेस और बीजेपी ने इस योजना पर पहले ही सवाल खड़े किए थे। वहीं, दिल्ली के अफसरों ने भी अखबार में विज्ञापन देकर कहा था कि दिल्ली सरकार ऐसी कोई योजना नहीं चला रही है। अब दिल्ली के गर्वनर वीके सक्सेना ने इस मामले में जांच के आदेश दिए हैं। आम आदमी पार्टी की तरफ से दावा किया गया है कि इस योजना के तहत 18 साल से ऊपर की पात्र महिलाओं को हर महीने 1000 रुपये दिए जाएंगे। अगर 2025 विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को जीत मिलती है तो यह रकम 1000 से बढ़कर 2100 कर दी जाएगी।

दिल्ली के एलजी के प्रधान सचिव ने दिल्ली के मुख्य सचिव और दिल्ली के पुलिस आयुक्त को पत्र लिखा है। इस पत्र में आम आदमी पार्टी की घोषणाओं के बारे में बताया गया है। इसमें दिल्ली की हर महिला (18 वर्ष से अधिक आयु की) को 1000 रुपये प्रतिमाह देने और 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में दोबारा निर्वाचित होने पर इस राशि को बढ़ाकर 2100 रुपये प्रतिमाह करने की बात कही गई है।

## > एलजी ने दिये जांच के आदेश



**अरविंद केजरीवाल की सफाई**

अरविंद केजरीवाल ने जांच के आदेश जारी होने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एलजी पर आरोप लगाए और अपने ऊपर लगे आरोपों पर सफाई दी। उन्होंने कहा "कुछ दिन पहले हमने ऐलान किया था कि महिला सम्मान योजना में 2100 रुपये हर महीने देंगे। कैबिनेट ने 1000 देने की योजना पास की थी। दूसरी योजना बुजुर्गों को फ्री में इलाज देने की थी। इन दोनों योजनाओं से बीजेपी की नींद उड़ गई।

### फॉर्म भरने को लेकर होगी जांच

पत्र में कहा गया है कि एलजी ने मुख्य सचिव से गैर-सरकारी लोगों द्वारा व्यक्तिगत विवरण और फॉर्म एकत्र करने के मामले में संभागीय आयुक्त के माध्यम से जांच कराने को कहा है। इसके अलावा, पुलिस आयुक्त फील्ड अधिकारियों को निर्देश दे सकते हैं कि वे ऐसे लोगों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई करें, जो लाभ देने की आड़ में भोले-भाले नागरिकों की व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करके उनकी गोपनीयता का उल्लंघन कर रहे हैं।

# सुरेश धस को माफी मांगनी चाहिए: प्राजक्ता माली

**मुंबई.**

बीजेपी विधायक सुरेश धस ने धनंजय मुंडे की आलोचना करते हुए एक्ट्रेस प्राजक्ता माली का जिक्र किया था. इस वजह से आप कलाकारों को राजनीति में क्यों घसीटते हैं? ये सवाल एक्ट्रेस प्राजक्ता माली ने सुरेश धस से पूछा. सभी ने मुझसे इस मामले पर चुप रहने को कहा.' ये सभी जरूरतें आती-जाती रहती हैं। कीचड़ उछालने से बचने के लिए मैं इतनी देर तक चुप रही. लेकिन प्राजक्ता माली ने कहा कि जब जनप्रतिनिधि हम पर कीचड़ उछालते हैं तो बोलना जरूरी है.

प्राजक्ता माली ने इस समय कहा कि मैंने इस मामले में महिला आयोग से शिकायत की है. उन्होंने यह भी कहा कि हमारा कला क्षेत्र खराब नहीं है बल्कि ऐसे लोगों की वजह से हमारा कला क्षेत्र खराब है. वह आज एक संवाददाता सम्मेलन में बोल रही थीं.

किसी सांस्कृतिक कार्यक्रम में अभिनंदन स्वीकार करते समय ली गई एक तस्वीर, क्या यही हमारा एकमात्र उपहार होना चाहिए और धन्यवाद के एक शब्द से इतना हंगामा खड़ा हो जाना चाहिए? ये सवाल प्राजक्ता माली ने पूछा.



मेरे साथ के लोगों ने मुझ पर विश्वास किया. वह मेरा पक्ष था. इसलिए मुझे अपने किरदार के बारे में बताने के लिए आगे आने की जरूरत महसूस नहीं हुई।' आज शर्म की बात है. प्राजक्ता माली ने अफसोस जताया कि एक जन प्रतिनिधि टिप्पणी करता है तो यह नौबत आ गई है.

**अभिनेताओं को राजनीति में क्यों लें?**

मेरे पास सुरेश धस के लिए एक बुनियादी प्रश्न है। आप राजनेता हैं, हम कलाकार हैं. आप अपनी राजनीति करते हैं, लेकिन हम कलाकारों को क्यों शामिल करते हैं? क्या परली में केवल महिला कलाकार ही आती हैं, पुरुष अभिनेता कभी नहीं जाते? प्राजक्ता माली ने विधायक सुरेश धस पर पलटवार करते हुए कहा कि यह महाराष्ट्र के नेताओं को शोभा नहीं देता, आप महिला कलाकारों के चरित्र पर ही संदेह नहीं कर रहे बल्कि उनकी उपलब्धियों पर भी सवाल उठा रहे हैं. क्या कोई महिला बिना किसी राजनेता की मदद के अपने दम पर सफल नहीं हो सकती? ऐसी टिप्पणी करके आप अपनी मानसिकता का परिचय दे रहे हैं. प्राजक्ता माली ने यह भी कहा कि यह अफसोसजनक मामला है.

**महिला आयोग से शिकायत**

सीएम, डीसीएम आपसे अनुरोध है कि आप अपनी निजी राजनीति के लिए महिला कलाकारों का नाम लेना बंद करें. ये बात महाराष्ट्र के नेताओं को शोभा नहीं देती. सुरेश धस कृपया मुझसे माफ़ी मांगें। मैंने आज महिला आयोग में शिकायत दर्ज कराई है. उन्हें उचित कार्रवाई करनी चाहिए. मेरी माँ को नींद नहीं आ रही है. मेरे भाई के पास सभी सोशल मीडिया अकाउंट हटा दिया गया. इसका मेरे परिवार पर भी बहुत बुरा असर पड़ रहा है.' इन सबका सामना करना बिल्कुल भी आसान नहीं है. प्राजक्ता माली ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री से इस संबंध में ठोस कार्रवाई करने का अनुरोध करती हूं. जब बीड में कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा हो गई है तो आपकी गाड़ी कलाकारों पर क्यों गिरती है? ये सब कितना उचित है, आपकी राजनीति आपको भाती है.

### माली से माफ़ी नहीं मांगेगे: सुरेश धस

मैंने ये नहीं कहा कि किसी महिला का अपमान होगा. मेरी काट देखो. मैं प्राजक्ता माली के लिए माफ़ी नहीं मांगूंगा. अगर प्राजक्ता माली ने मेरी निंदा की है तो मैं उनके विरोध में कॉमेडी शो देखना बंद कर दूंगा. सुरेश धस ने कहा कि प्राजक्ता माली का मुद्दा मेरे पास खत्म हो चुका है. उन्होंने मीडिया से भी अनुरोध किया कि वह संतोष देशमुख हत्याकांड पर हीरो-हीरोइन न बनें।

# दिल्ली चुनाव में उतरी अजित पवार की एनसीपी

**नई दिल्ली.**

राजधानी दिल्ली में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में सभी राजनीतिक दल अपने अपने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान करना शुरू कर दिया है। इस बीच अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) ने भी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है। एनसीपी ने शनिवार को अपने प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में कुल 11 उम्मीदवारों के नाम हैं।

पार्टी ने बादली से मुलायम सिंह को दिल्ली कांग्रेस प्रमुख देवेंद्र यादव के खिलाफ टिकट दिया है। इसके अलावा बुराड़ी से रतन त्यागी, चांदनी चौक से खालिद उर रहमान, बल्ली मारन से मोहम्मद हारुन और ओखला से इमरान सैफी को मैदान में उतारा है।




छतरपुर से नरेंद्र तंवर, लक्ष्मी नगर से नमहा, गोकुलपुरी से जगदीश भगत, मंगोलपुरी से खेम चंद, सीमापुरी से राजेश लोहिया और संगम विहार से कमर अहमद को प्रत्याशी बनाया है।

बता दें कि दिल्ली विधानसभा के लिए चुनाव अगले वर्ष फरवरी में होने की उम्मीद है। सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने सभी 70 सीट के लिए उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं, जबकि कांग्रेस ने अब तक 47 सीट के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी की है। वहीं भारतीय जनता पार्टी भी अपने प्रत्याशियों की लिस्ट तैयार कर रही है, जो किसी भी समय जारी की जा सकती है।

CMYK

# हेल्थ इंश्योरेंस क्लेम रद्द कर रही हैं बीमा कंपनियां ?

**नई दिल्ली.**



देश की बीमा कंपनियों को लेकर उद्योग नियामक (आईआरडीएआई) की वार्षिक रिपोर्ट में एक चौंकानेवाला खुलासा हुआ है. इसमें बताया गया कि भारत की बीमा कंपनियों ने मार्च 2024 तक 11 फीसदी तक हेल्थ क्लेम को खारिज कर दिया है, जबकि 6 फीसदी दावे पेंडिंग हैं. मार्च 2024 तक खत्म हुए वित्त वर्ष में बीमा कंपनियों ने 26,000 करोड़ रुपये के क्लेम को खारिज कर दिया, जिसमें पिछले साल के मुकाबले 19.10 फीसदी तक की वृद्धि हुई है. भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण के मुताबिक मार्च 2023 तक खत्म हुए वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 21,861 करोड़ था.

आपको कवरेज पूरा मिले और क्लेम रिजेक्ट न हो, तो पॉलिसी खरीदने से पहले इसकी शर्तों और नियमों के बारे में अच्छे से जानें. खासकर पॉलिसी में किन बीमारियों को कवर किया जा रहा है और इसकी वेटिंग पीरियड क्या है इस पर अधिक ध्यान दें. इतना ही नहीं, पॉलिसी लेने से पहले अपने सभी जरूरी दस्तावेजों को तैयार रखें और इन्हें जमा करने से पहले अच्छे से जांच लें.

इसी के साथ अगर आपने टाइम पर प्रीमियम का भुगतान नहीं किया है और आपकी पॉलिसी लैप्स हो गई है, तो कंपनी मेडिकल कवरेज देने से इंकार कर सकती है. इसके साथ-साथ अगर आप एक निश्चित समय सीमा के अंदर क्लेम नहीं करते हैं, तब भी आपके क्लेम को रिजेक्ट कर दिया जाता है.

## इस वजह से क्लेम रिजेक्ट करती है बीमा कंपनी

- बीमा कंपनी किसी क्लेम को तभी रिजेक्ट करती है, जब पॉलिसीधारक पॉलिसी की शर्तों और नियमों को पूरा नहीं करता है. कई बार क्लेम महज इस वजह से रिजेक्ट कर दिया जाता है, जब आप पॉलिसी लेने से पहले अपनी बीमारियों का खुलासा नहीं करते हैं. ऐसी स्थिति में अगर कंपनी को आपकी बीमारी के बारे में बाद में पता चलता है, तो वह आपके क्लेम को रिजेक्ट कर देती है. पॉलिसी लेने से पहले यह देख लेना जरूरी है कि आपके हेल्थ इंश्योरेंस प्लान में कौन-कौन सी बीमारियां कवर हो रही हैं.

# आईसीआईसीआई का पहला महिला-स्वास्थ्य बीमा लॉन्च

**नागपुर.**

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने 'आईसीआईसीआई प्रू विश' लॉन्च किया है, जो जीवन बीमा उद्योग का पहला स्वास्थ्य उत्पाद है, जो विशेष रूप से महिलाओं के लिए डिज़ाइन किया गया है। आईसीआईसीआई प्रू विश स्तन, गर्भाशय ग्रीवा, गर्भाशय के कैंसर और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों के निदान के लिए स्वास्थ्य कवर राशि का 100 फीसदी तक तुरंत भुगतान करता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि, इस स्वास्थ्य उत्पाद की प्रीमियम राशि 30 वर्षों तक स्थिर रहती है, जिससे ग्राहकों को अपने वित्तीय खर्चों की बेहतर योजना बनाने में मदद मिलती है। इस प्रोडक्ट की एक और खास विशेषता है "प्रीमियम हॉलिडे," यानी ग्राहक प्रीमियम भुगतान अवधि के दौरान 12 महीने तक किसी भी समय प्रीमियम का भुगतान न करने का विकल्प चुन सकते हैं। इसके अलावा, यह उत्पाद ग्राहकों को मातृत्व संबंधी जटिलताओं और नवजात शिशुओं की जन्मजात बीमारियों से संबंधित कवर लेने का विकल्प भी प्रदान करता है। अमित पल्टा, चीफ प्रोडक्ट और डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने कहा, "आईसीआईसीआई प्रू विश जीवन बीमा उद्योग का पहला स्वास्थ्य उत्पाद है, जिसे विशेष रूप से महिलाओं की स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। गंभीर बीमारी के निदान पर मिलने वाला एकमुश्त भुगतान उन्हें ऐसी कठिन परिस्थितियों का सामना करने के लिए आर्थिक मजबूती देता है। 30 वर्षों के लिए प्रीमियम गारंटी देने के अलावा, इस उत्पाद को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि ग्राहकों को कुछ मेडिकल स्थितियों के लिए कई बार दावा करने की सुविधा मिलती है। ग्राहकों को मिलने वाला अतिरिक्त भुगतान उन्हें पुनर्वास खर्च को उठाने में मदद कर सकता है।

# सोने के दाम में 350 रु. की बढ़ोत्तरी



**नई दिल्ली.**

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार आभूषण विक्रेताओं की सतत लिवाली और रुपये में गिरावट के कारण शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर में सोना 350 रुपये बढ़कर 79,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। व्यापारियों ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध और मध्य पूर्व में तनाव के कारण बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव से भी इस सुरक्षित-संपत्ति को मजबूती मिली है। गुरुवार को पीली धातु 78,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई। लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी के साथ चांदी भी 900 रुपये की तेजी के साथ 91,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। छुट्टियों से कम सप्ताह के दौरान पिछले चार कारोबारी सत्रों में चांदी 3,550 रुपये प्रति किलोग्राम चढ़ चुकी है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 350 रुपए बढ़कर 78,800 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया, जबकि गुरुवार को इसका बंद भाव 78,450 रुपए प्रति 10 ग्राम था। व्यापारियों के अनुसार, रुपए में कमजोरी से सोने जैसी सुरक्षित परिसंपत्तियों की मांग बढ़ी है। रुपया लगभग दो वर्षों में सबसे बड़ी गिरावट के साथ 85.80 के अपने सर्वकालिक निम्नतम स्तर पर पहुंच गया, जिसके बाद संदिग्ध केंद्रीय बैंक के हस्तक्षेप से कुछ नुकसान की भरपाई हुई और शुक्रवार को बैंकों और आयातकों की ओर से माह के अंत में मांग बढ़ने के बीच मजबूत डॉलर के कारण रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 23 पैसे की गिरावट के साथ 85.50 (अनंतिम) के रिकॉर्ड निम्नतम स्तर पर बंद हुआ।

# मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल ने 38 वर्षीय मरीज की जान बचाई

**नागपुर.**





मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नागपुर के डॉक्टरों ने सफलतापूर्वक हृदय सर्जरी करके एक 38 वर्षीय मरीज की जान बचाई, जिसे गंभीर दिल का दौरा पड़ा था। पहले से ही डीप वेन थ्रोम्बोसिस (डीवीटी) और कम ऑक्सीजन स्तर जैसी समस्याओं से पीड़ित मरीज को सांस लेने में तकलीफ होने पर आपातकालीन विभाग में लाया गया। मरीज को तुरंत भर्ती किया गया और सीटी स्कैन और सीटी पल्मोनरी एंजियोग्राफी के लिए भेजा गया, जिसमें फेफड़ों की धमनियों में बड़े-बड़े क्लॉट्स पाए गए। आगे की जांच में यह पुष्टि हुई कि फेफड़ों की धमनी में क्लॉट्स थे, जिसे पल्मोनरी एंबोलिज़्म कहा जाता है। आपातकालीन विभाग में ही मरीज को दिल का दौरा पड़ा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, आपातकालीन टीम ने तुरंत उच्च गुणवत्ता वाली कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) शुरू किया और एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट (एसीएलएस) प्रोटोकॉल का अनुकरण किया। फेफड़ों की धमनी में मौजूद ब्लड क्लॉट्स को घोलने और भविष्य में होने वाले ब्लॉकेज को रोकने के लिए मरीज को नस के माध्यम से अल्टीप्लेस का इंजेक्शन दिया गया।

आपातकालीन विभाग के प्रमुख, डॉ. वी. निरंजनी ने अपनी विशेषज्ञ टीम के साथ मरीज को इंट्यूबेट किया और सख्ती से और एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट (एसीएलएस) प्रोटोकॉल का पालन किया। साथ ही, ऑन-कॉल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. शोएब नदीम ने समय पर निदान और उपचार में मार्गदर्शन किया, जिससे आपातकालीन उपचार प्रबंधन के अगले कदम तय किए गए। मरीज की स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हुआ, अगले दिन उन्हें वेंटिलेटर से हटा दिया गया और चौथे दिन हॉस्पिटल से छुट्टी दे दी गई।

मरीज को रक्त पतला करने वाली मौखिक दवाएं (ओरल एंटीकोएगुलेंट्स) दी गईं ताकि उनकी स्थिति को नियंत्रित किया जा सके। यह केस आपातकालीन चिकित्सा विभाग और अन्य विशेषताओं व क्रिटिकल केयर टीम के बीच मजबूत सहयोग और बहु-विशेषज्ञता वाले तृतीयक देखभाल व्यवस्थाओं के महत्व को रेखांकित करती है।

# आईपीओ से इस साल हुई दोगुनी कमाई

**नई दिल्ली.**




भारत के आईपीओ बाजार ने 2024 में नई ऊंचाइयों को छूते हुए 11.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर की रिकॉर्ड आय दर्ज किया. यह आंकड़ा 2023 में जुटाई गई 5.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर की राशि से दोगुना है. ग्लोबल डेटा की रिपोर्ट के अनुसार, यह वृद्धि भारत के वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र के विकास और निवेशकों के बढ़ते आत्मविश्वास को दर्शाती है. भारत में 2024 में कई बड़े आईपीओ लॉन्च हुए, जिनमें हुंडई मोटर 3.3 बिलियन स्विगी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी 1.2 बिलियन विशाल मेगा मार्ट और बजाज हाउसिंग फाइनेंस शामिल हैं. ये आईपीओ न केवल निवेशकों के लिए लाभकारी साबित हुए, बल्कि बाजार की गति को भी बनाए रखने में मददगार रहे. इस उछाल के पीछे कई कारक जिम्मेदार हैं. सरकार द्वारा बुनियादी ढांचे और कोर सेक्टर के विकास पर जोर, निजी क्षेत्र में पूंजीगत व्यय में वृद्धि, और घरेलू तथा विदेशी निवेशकों की सक्रियता ने इस बाजार को मजबूती दी. खुदरा निवेशकों की बढ़ती भागीदारी और लिस्टिंग-डे पर बेहतर रिटर्न की संभावनाओं ने भी इस वृद्धि को बल दिया.

# ऑनलाइन शॉपिंग पर छूट




**नई दिल्ली.** आजकल ऑनलाइन शॉपिंग का जमाना है. दौड़-भाग भरी जिंदगी में समय बचाने के लिए लोग बैठे-बिठाए चीजें ऑर्डर कर देते हैं. ऐसे में क्रेडिट कार्ड यूज करने वाले ग्राहक कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं. शॉपिंग के लिए हमेशा ऐसे क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करना चाहिए, जो कैशबैक के साथ रिवॉर्ड प्वॉइंट भी दे. आज हम आपको कुछ ऐसे क्रेडिट कार्ड्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो गैजेट्स की खरीददारी पर अच्छे कैशबैक देते हैं.

इस क्रेडिट कार्ड से अमेजन पर शॉपिंग करने वाले प्राइम मेंबर्स को 5 प्रतिशत कैशबैक मिलता है, जबकि नॉन प्राइम मेंबर्स को 3 प्रतिशत कैशबैक मिलता है. अमेजन पर अगर आप इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स की खरीददारी करते हैं, तो यह बेस्ट है. इस कार्ड पर कोई जॉइनिंग फीस या एनुअल चार्ज नहीं है. अगर आप इस कार्ड की मदद से गूगल पे के जरिए बिल पेमेंट या रिचार्ज करते हैं, तो 5 प्रतिशत कैशबैक और स्विगी, ओला और जोमैटो जैसे प्लेटफॉर्म्स पर 4 प्रतिशत कैशबैक मिलता है. इनके अलावा, अन्य खर्चों पर भी 1.5 प्रतिशत कैशबैक मिलता है.

यह कार्ड सभी ऑनलाइन एक्सपेंस पर 5 प्रतिशत कैशबैक देता है. ऐसे में ऑनलाइन गैजेट्स वगैरह की परचेजिंग के लिए यह बेस्ट है. इस कार्ड के लिए जॉइनिंग फीस 999 रुपये है, लेकिन अगर आप एक साल में दो लाख से अधिक खर्च करते हैं तो इसे माफ कर दिया जाता है. कार्ड पर आया कैशबैक दो दिनों के भीतर एसबीआई अकाउंट में जमा हो जाता है.

# टॉप डाउनलोड स्पीड पहले स्थान पर

**मुंबई.**



जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफोन आइडिया (वी) ने ओपनसिगनल की नेटवर्क एक्सपीरिएंस रिपोर्ट के अनुसार इसे महाराष्ट्र में उत्कृष्ट 4जी नेटवर्क उपलब्ध कराने के लिए सराहा गया है। इस रिपोर्ट के अनुसार वी महाराष्ट्र में टॉप डाउनलोड स्पीड, वॉइस ऐप और गिमंग अनुभव प्रदान करने के लिए पहले स्थान पर है।

यह पहचान क्षेत्र में नेटवर्क के परफोर्मेन्स में सुधार लाने के वी के प्रयासों को दर्शाती है। इसी साल अप्रैल में वी ने एफपीओ के ज़रिए रु 18,000 करोड़ की राशि जुटाई थी और कंपनी देश भर में अपने 4 जी नेटवर्क में सुधार लाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इन प्रयासों के तहत वी ने क्षेत्र में तकरीबन 6500 4जी लोकेशनों को अपग्रेड किया है। टेलीकॉम ऑपरेटर ने 4100 से अधिक लोकेशनों में 900 मेगाहर्टज और 2100 मेगाहर्टज स्पैक्ट्रम बैंड्स पर अतिरिक्त लेयर्स तैनात कर कनेक्टिविटी बढ़ाई है तथा इंडोर कवरेज एवं डेटा स्पीड को बेहतर बनाया है। इन सभी सुधारों के चलते नेटवर्क क्षमता में 12 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। इस अवसर पर रोहित टंडन, क्लस्टर बिज़नेस हैड- महाराष्ट्र एवं गोवा सर्कल, वोडाफोन आइडिया ने कहा,''हमें खुशी है कि हमें महाराष्ट्र और गोवा में शानदार परफोर्मेन्स के लिए सम्मानित किया गया है। यह उपलब्धि हमारे नेटवर्क को सशक्त बनाने तथा उपभोक्ताओं को सहज कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए हमारे सतत निवेश की पुष्टि करती है। हम अपने उपभोक्ताओं को कनेक्टिविटी का उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करते रहने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

# ब्याज दरों में मामूली बढ़ोत्तरी

**नई दिल्ली.** पर्सनल लोन लेते समय, ब्याज दरों से ही यह तय होता है कि आप मूलधन के अलावा और कितनी रकम चुकाएंगे. ऐसे में, ब्याज़ दर में मामूली बढ़ोतरी होने पर भी आपकी समान मासिक किस्तें काफी हद तक बढ़ सकती हैं, जिसका सीधा असर आपकी आर्थिक स्थिति पर पड़ सकता है. समझदारी से लोन लेने का फैसला करने के लिए,

इस असर को समझना काफी मायने रखता है. पर्सनल लोन दरअसल लोन की रकम, ब्याज़ दर और लोन की समय-सीमा पर निर्भर है. इस फॉर्मूले में कम्पाउंडिंग को भी शामिल किया जाता है, जो ब्याज़ दरों में छोटे-छोटे बदलावों के असर को कई गुना बढ़ा देता है. उदाहरण के लिए, अगर पर्सनल लोन पर ब्याज़ 10 फीसदी से बढ़कर 11 फीसदी हो जाए, तो पहली नज़र में ईएमआई में बढ़ोतरी बेहद मामूली लग सकती है. लेकिन लंबे समय में देखा जाए, तो आगे चलकर यही अंतर एक बड़ी रकम में बदल जाता है.

अपने क्रेडिट स्कोर को अधिकतम बनाए रखने से आपको बेहतर ब्याज़ दरों पर लोन मिलता है, जिससे भारी बोझ की संभावना कम हो जाती है. पर्सनल लोन कैसे आपकी मदद कर सकता है बजाज फिनसर्व पर्सनल लोन बेहद आसान और सुविधाजनक होने की वजह से सबसे लोकप्रिय विकल्प है.इसमें लोन की प्रक्रिया अच्छी तरह व्यवस्थित है, जिसमें बेहद कम दस्तावेज़ों की ज़रूरत होती है. लोन लेनेवाले ग्राहकों के आवेदन को तुरंत मंजूरी मिल सकती है, और वे 24 घंटे के भीतर लोन की रकम प्राप्त कर सकते हैं.

# स्मॉल सेविंग्स स्कीम में इंवेस्टमेंट फायदे का सौदा

**नई दिल्ली.** निवेशकों में कई ऐसे होते हैं जो इक्विटी फंड में निवेश नहीं करना चाहते हैं और जोखिम लेने से बचते हैं. इन्हें ऐसे इंवेस्टमेंट की चाह होती है, जो समय पर एक सुनिश्चित रिटर्न दे. इसके लिए पोस्ट ऑफिस स्कीम या स्मॉल सेविंग्स स्कीम बड़े काम की साबित होती है. इन योजनाओं में निवेश से न केवल आप किसी संभावित इमरजेंसी के लिए पैसे जुटा सकते हैं, बल्कि सेविंग्स करने के अपने टार्गेट को भी पूरा कर सकते हैं. इतना ही नहीं, इनकम टैक्स एक्ट, 1961 की धारा 80सी के तहत इनमें निवेश से 1.5 लाख रुपये तक का टैक्स बेनिफिट भी मिलता है. चलिए आज इस खबर में हम आपको कुछ ऐसे ही स्मॉल सेविंग्स स्कीम के बारे में बताने जा रहे हैं, जिससे रिटर्न के साथ इंवेस्टर्स को मुनाफा भी होता है.इस टैक्स सेविंग्स इंवेस्टमेंट के लिए किसी भी पोस्ट ऑफिस में जाकर अप्लाई कर सकते हैं.

# नॉन फूड आइटम पर खर्च से लोगों की हालत पतली

## शौक पर महंगाई की मार दे रही चोट

**नई दिल्ली.**



महंगाई की मार से हम सभी परेशान हैं. रोजमर्रा की जरूरतों के भी लाले पड़ रहे हैं. परंतु, आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि यह जद्दोजहद खाने से ज्यादा शौक पर महांगाई की मार के कारण है. निवाले की जुगाड़ में हमारी आमदनी का आधे से भी काफी कम पैसा खर्च होता है. ज्यादा खर्च तो नॉन फूड आइटम पर खर्च का है. शहरी और ग्रामीण दोनों ही तरह के परिवारों में 2022-23 की तुलना में मासिक घरेलू खपत पर होने वाला खर्च बढ़ गया है. इनमें नॉन फूड आइटम पर सबसे ज्यादा खर्च हो रहा है. दैनिक जरूरतों पर होने वाले खर्च की खाई टॉप पांच फीसदी और समाज के सबसे निचले पायदान पर जीने वाले बॉटम पांच फीसदी के बीच बढ़ती ही जा रही है.

शुक्रवार को जारी हाऊसहोल्ड कंज्यूमर एक्सपेंडिचर सर्वे के मुताबिक सालभर में हर महीने घरेलू खपत पर होने वाला खर्च डेढ़गुना हो गया है. 2022-23 में यह प्रति व्यक्ति औसत 4,122 रुपया था. जो 2023-2024 में बढ़कर 6,998 रुपया हो गया है. यह स्थिति तब है, जबकि विभिन्न समाज कल्याण कार्यक्रमों के जरिए मुफ्त में भी कई तरह की सामग्री की आपूर्ति परिवारों के लिए की जा रही है. 2022-23 में ग्रामीण इलाकों में प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू खर्च 3773 रुपया और शहरी इलाकों में 6459 रुपया था. ग्रामीण इलाकों में प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू खर्च में नौ फीसदी और शहरी इलाकों में आठ फीसदी की बढ़ोतरी हुई है. सरकारी योजनाओं से मुफ्त में मिलने वाली सामग्री को भी मासिक घरेलू खर्च में शामिल कर लिया जाय तो 2023-24 में प्रति व्यक्ति घरेलू मासिक खर्च ग्रामीण इलाकों में 4247 रुपया और शहरी इलाकों में 7078 रुपया हो गया.

भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक परिवारों का औसत खर्च कपड़ों, फुटवियर, मनोरंजन के साधन और ड्यूरेबल गुड्स पर है. शहरी इलाकों में मकान किराये पर सात फीसदी तक खर्च होता है.

# पर्सनल लोन में वृद्धि




**नई दिल्ली.**

दो साल से उच्च ब्याज दरों के स्थिर होने के बावजूद पर्सनल लोन के तहत आने वाले हाउसिंग, क्रेडिट कार्ड और शिक्षा कर्ज में 23 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि हुई है। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, हाउसिंग के एवज में कर्ज मार्च, 2024 तक सबसे अधिक 36 फीसदी बढ़कर 27,18,715 करोड़ रुपये पहुंच गया। मार्च, 2023 तक यह 19,91,164 करोड़ रुपये था। कुल पर्सनल लोन 20 फीसदी बढ़कर 53.31 लाख करोड़ के स्तर पर पहुंच गया है। इसी तरह, क्रेडिट कार्ड बकाया 25.6 फीसदी बढ़कर 2.57 लाख करोड़ और शिक्षा कर्ज 23.7 फीसदी बढ़कर 1.19 लाख करोड़ पहुंच गया। कंज्यूमर ड्यूरेबल खरीदने को लिया गया कर्ज 13.4 फीसदी, फिक्स्ड डिपॉजिट के बदले कर्ज 2.2 फीसदी, ऑटो लोन 17.4 फीसदी और गोल्ड लोन 14.8 फीसदी बढ़ा है।

कुल कर्ज में पर्सनल लोन का हिस्सा 2023-24 में बढ़कर 27 फीसदी पहुंच गया, जो 2022-23 में 20 फीसदी था। कृषि कर्ज 15.4 फीसदी से बढ़कर मार्च, 2024 में 20 फीसदी पहुंच गया। उद्योग कर्ज बढ़कर 8.5 फीसदी पहुंच गया। बैंकों का कारोबार मूलरूप से आपसे जमा लेकर उसी को किसी अन्य को कर्ज देकर चलता है। आपसे कम ब्याज पर पैसा लेकर दूसरों को ज्यादा ब्याज पर देते हैं। सरकारी बैंकों के फंड की लागत 2022-23 में 4.1 फीसदी रही थी और उनकी कमाई 7.5 फीसदी रही। 2023-24 में लागत बढ़कर 5 फीसदी तो हो गई, लेकिन कर्ज से कमाई भी बढ़कर 8.41 फीसदी पर पहुंच गई। निजी बैंकों का भी यही हाल है। उनकी लागत मार्च, 2024 में 5.4 फीसदी थी लेकिन कर्ज से कमाई 10.4 फीसदी रही थी।

## सूक्ष्म-छोटे उद्योगों को भी मिला ज्यादा ऋण

❑ रिपोर्ट के मुताबिक, सूक्ष्म एवं छोटे उद्योगों का हिस्सा 13.1 से बढ़कर 14.7 फीसदी, मध्यम इकाइयों का 12.3 फीसदी से बढ़कर 13.3 फीसदी और बड़ी कंपनियों को दिए जाने वाला कर्ज का हिस्सा 3.5 फीसदी से बढ़कर 6.4 फीसदी के स्तर पर पहुंच गया है। इसी प्रकार, कुल कर्ज में सेवा क्षेत्र का हिस्सा 23.5 फीसदी रहा, जो 2023 मार्च में 19.5 फीसदी रहा था।

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
निकाल
महाराष्ट्र सह्याद्री
• प्रभालक्ष्मी विकली लॉटरी •
सोडत सायं. 4:30 वाजता
सोडत दर शनिवार • सोडत क्रमांक 52 • तिकीट किं. रु. 15/- • सोडत दिनांक 28/12/2024

पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- SP-01 : 1501

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

दुसरे बक्षिस रु. 5000/- 4889 रुखमणी एन्टरप्रायझेस, औरंगाबाद

तिसरे बक्षिस रु. 2000/- 1405 | 3830 विशेष डिस्ट्रिब्युटर, गोरेगाव | 4767 श्री गणेश एन्टरप्रायझेस, दादर, मुंबई

चौथे बक्षीस रु. 700/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1010 | 2038 | 2897 | 3788 | 4235 |
| 1016 | 2055 | 2906 | 3933 | 4413 |
| 1291 | 2213 | 2982 | 4037 | 4759 |
| 1363 | 2220 | 3079 | 4126 | 5136 |
| 1419 | 2275 | 3132 | 4182 | 5179 |
| 1523 | 2277 | 3322 | 4184 | 5268 |
| 1575 | 2286 | 3393 | 4226 | 5836 |
| 1857 | 2499 | 3414 | 4229 | 5875 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY
MAHARASHTRA NATAL NEW YEAR BUMPER DRAW
सोडत दिनांक 03-01-2025
जिंका फक्त 4 अंकावर
मालिका 10
पहिले सामायिक हमीपात्र बक्षिस ₹ 50 लाख (₹ 25 लाखाची 2 बक्षिसे)
दुसरे बक्षिस ₹ 10 लाख (₹ 10,000 X 100 बक्षिसे)
नव वर्षाच्या हार्दिक शुभेच्छा
छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जवाबदार नाही. • अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. • प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र सह्याद्री प्रभालक्ष्मी विकली लॉटरी सोडत दिनांक 28/12/2024
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्रलक्ष्मी विकली लॉटरी
सोडत दर शनिवारी
तिकीट किंमत रु. 50/-
सोडत क्र. 52 सोडत दिनांक 28/12/2024

पहिले सामाईक बक्षिस रु. 7 लाख ML-06 : 1524

उत्तेजनार्थ बक्षिस रु. 5000/- पहिल्या बक्षीसाची विजेता मालिका सोडून इतर सर्व मालिकांसाठी 1524 श्री गणेश एन्टरप्रायझेस - दादर, मुंबई श्री सिद्धि समर्थ एजेंसी, दादर - मुंबई

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1827 | 2253 | 4222 | 4720 | 4898 | 5562 |
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 2883 | 2956 | 3130 | 3432 | 5518 | 6585 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 1828 | 2299 | 3012 | 4793 | 5094 | 6833 |
| पाचवे बक्षिस रु. 200/- | 1391 | 1876 | 4131 | 5032 | 6618 | 6911 |

सहावे बक्षिस रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी)

रु.100/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1681 | 2102 | 2428 | 2883 | 3300 | 3574 | 4006 | 4474 | 4983 | 5529 | 5978 | 6573 |
| | | 1718 | 2108 | 2436 | 2885 | 3303 | 3585 | 4020 | 4483 | 4984 | 5531 | 5985 | 6601 |
| 1010 | 1277 | 1750 | 2121 | 2464 | 2889 | 3307 | 3604 | 4035 | 4484 | 4997 | 5543 | 6004 | 6627 |
| 1011 | 1279 | 1762 | 2131 | 2468 | 2892 | 3309 | 3607 | 4044 | 4490 | 5005 | 5545 | 6019 | 6640 |
| 1018 | 1286 | 1769 | 2160 | 2469 | 2908 | 3313 | 3609 | 4067 | 4499 | 5030 | 5550 | 6028 | 6648 |
| 1020 | 1287 | 1794 | 2163 | 2481 | 2911 | 3314 | 3613 | 4070 | 4504 | 5054 | 5551 | 6063 | 6666 |
| 1035 | 1358 | 1800 | 2186 | 2502 | 2912 | 3316 | 3630 | 4084 | 4509 | 5056 | 5554 | 6088 | 6668 |
| 1037 | 1377 | 1803 | 2200 | 2520 | 2923 | 3323 | 3634 | 4088 | 4542 | 5057 | 5556 | 6101 | 6684 |
| 1064 | 1381 | 1816 | 2211 | 2521 | 2927 | 3339 | 3645 | 4097 | 4545 | 5075 | 5557 | 6111 | 6687 |
| 1070 | 1385 | 1831 | 2213 | 2523 | 2936 | 3350 | 3691 | 4098 | 4577 | 5082 | 5561 | 6120 | 6690 |
| 1078 | 1401 | 1833 | 2214 | 2535 | 2958 | 3359 | 3693 | 4124 | 4594 | 5125 | 5562 | 6163 | 6699 |
| 1094 | 1411 | 1851 | 2216 | 2569 | 2972 | 3364 | 3715 | 4144 | 4614 | 5145 | 5572 | 6169 | 6700 |
| 1100 | 1421 | 1881 | 2218 | 2574 | 2992 | 3365 | 3723 | 4148 | 4633 | 5151 | 5587 | 6198 | 6714 |
| 1103 | 1422 | 1895 | 2225 | 2575 | 3005 | 3370 | 3732 | 4163 | 4652 | 5166 | 5593 | 6205 | 6716 |
| 1110 | 1428 | 1897 | 2231 | 2600 | 3013 | 3373 | 3733 | 4225 | 4656 | 5195 | 5599 | 6211 | 6718 |
| 1114 | 1458 | 1913 | 2244 | 2651 | 3014 | 3380 | 3735 | 4240 | 4658 | 5202 | 5633 | 6250 | 6753 |
| 1124 | 1460 | 1914 | 2255 | 2657 | 3030 | 3381 | 3738 | 4244 | 4660 | 5207 | 5642 | 6274 | 6759 |
| 1125 | 1485 | 1916 | 2256 | 2678 | 3044 | 3385 | 3775 | 4246 | 4686 | 5228 | 5655 | 6297 | 6761 |
| 1146 | 1487 | 1926 | 2266 | 2690 | 3053 | 3390 | 3784 | 4281 | 4693 | 5235 | 5689 | 6307 | 6766 |
| 1151 | 1507 | 1927 | 2267 | 2696 | 3054 | 3392 | 3793 | 4290 | 4740 | 5236 | 5705 | 6314 | 6770 |
| 1160 | 1529 | 1944 | 2272 | 2702 | 3060 | 3394 | 3802 | 4296 | 4741 | 5259 | 5706 | 6336 | 6773 |
| 1169 | 1534 | 1971 | 2277 | 2709 | 3073 | 3414 | 3803 | 4320 | 4765 | 5298 | 5712 | 6347 | 6776 |
| 1170 | 1541 | 2001 | 2287 | 2732 | 3096 | 3440 | 3807 | 4328 | 4775 | 5312 | 5746 | 6376 | 6813 |
| 1172 | 1579 | 2002 | 2290 | 2738 | 3102 | 3453 | 3823 | 4344 | 4794 | 5335 | 5747 | 6379 | 6850 |
| 1173 | 1584 | 2017 | 2293 | 2742 | 3108 | 3477 | 3828 | 4353 | 4809 | 5365 | 5761 | 6386 | 6851 |
| 1177 | 1608 | 2032 | 2296 | 2757 | 3137 | 3483 | 3843 | 4372 | 4820 | 5393 | 5795 | 6397 | 6863 |
| 1179 | 1613 | 2033 | 2299 | 2772 | 3149 | 3497 | 3846 | 4400 | 4844 | 5395 | 5800 | 6400 | 6864 |
| 1181 | 1614 | 2037 | 2313 | 2782 | 3168 | 3509 | 3878 | 4404 | 4845 | 5396 | 5842 | 6406 | 6866 |
| 1183 | 1619 | 2038 | 2326 | 2788 | 3185 | 3513 | 3880 | 4409 | 4872 | 5421 | 5856 | 6409 | 6867 |
| 1189 | 1625 | 2058 | 2332 | 2799 | 3218 | 3518 | 3893 | 4414 | 4884 | 5433 | 5857 | 6414 | 6873 |
| 1192 | 1627 | 2061 | 2347 | 2804 | 3240 | 3519 | 3895 | 4419 | 4887 | 5435 | 5889 | 6464 | 6876 |
| 1201 | 1635 | 2070 | 2353 | 2827 | 3243 | 3525 | 3913 | 4424 | 4942 | 5438 | 5903 | 6476 | 6916 |
| 1211 | 1641 | 2072 | 2367 | 2842 | 3251 | 3532 | 3931 | 4443 | 4944 | 5456 | 5922 | 6486 | 6961 |
| 1222 | 1642 | 2077 | 2368 | 2851 | 3263 | 3537 | 3935 | 4460 | 4945 | 5475 | 5938 | 6500 | 6963 |
| 1233 | 1652 | 2085 | 2399 | 2862 | 3269 | 3558 | 3944 | 4466 | 4956 | 5509 | 5957 | 6506 | 6994 |
| 1256 | 1657 | 2093 | 2424 | 2872 | 3296 | 3563 | 3988 | 4468 | 4957 | 5512 | 5975 | 6549 | 6999 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY
MAHARASHTRA NATAL NEW YEAR BUMPER DRAW
सोडत दिनांक 03-01-2025
जिंका फक्त 4 अंकावर
मालिका 10
पहिले सामायिक हमीपात्र बक्षिस ₹ 50 लाख (₹ 25 लाखाची 2 बक्षिसे)
दुसरे बक्षिस ₹ 10 लाख (₹ 10,000 X 100 बक्षिसे)
नव वर्षाच्या हार्दिक शुभेच्छा
महाराष्ट्रलक्ष्मी सोडत दिनांक 28/12/2024 छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जवाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. प्रस्तुतकर्ता महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123

# रविवारीय

## सुविचार

मनुष्य को हमेशा मौका नही ढूंढना चाहिये, क्योंकि जो आज है वही सबसे अच्छा मौका है।

## सेहत

# मिलावटी गुड़ से हो जाएं सावधान

## शुद्ध गुड़ पहचानने के आसान तरीके

❑ सर्दियों का मौसम आते ही हमारे खानपान में गुड़ की अहमियत बढ़ जाती है। सर्दियों के मौसम में गुड़ हमारे शरीर को गर्मी देने और इम्युनिटी बढ़ाने में मदद करता है। गुड़ का इस्तेमाल हमसब कई तरह से करते हैं। तिल के लड्डू हों या इसे दूध-घी के साथ खाना यह हर घर में इस्तेमाल होता है। लेकिन, सर्दियों में गुड़ की बढ़ती मांग के चलते बाजार में मिलावटी गुड़ मिलने का खतरा भी बढ़ जाता है। यह मिलावट न केवल स्वाद को खराब करती है, बल्कि सेहत पर भी बुरा असर डाल सकती है। गुड़ खाने के फायदों की बात करें, तो यह न केवल आपके खाने का स्वाद बढ़ाता है, बल्कि शरीर को कई तरह से फायदा पहुंचाता है। पाचन में सुधार करता है: गुड़ खाने से पाचन तंत्र बेहतर तरीके से काम करता है। तुरंत एनर्जी देता है: थकान महसूस होने पर गुड़ शरीर को तुरंत ऊर्जा देने का काम करता है। खून साफ करता है: यह खून को साफ करने में मदद करता है, जिससे त्वचा भी चमकदार बनी रहती है। इम्युनिटी बढ़ाता है: सर्दियों में इसे खाने से आपका इम्यून सिस्टम मजबूत रहता है। आयरन और कैल्शियम का स्रोत: गुड़ में आयरन, कैल्शियम और कई जरूरी मिनरल्स होते हैं, जो हड्डियों और खून के लिए फायदेमंद हैं। गुड़ पहचानने के महत्वपूर्ण टिप्स और बेनिफिट्स, 1. रंग और बनावट से परखें गुड़ का रंग और उसकी बनावट उसकी शुद्धता के सबसे पहले संकेत देते हैं। रंग पर ध्यान दें: शुद्ध गुड़ हल्के भूरे या सुनहरे पीले रंग का होता है। अगर गुड़ का रंग बहुत चमकीला या गहरा पीला दिखे, तो इसमें आर्टिफिशियल रंग मिलाया गया हो सकता है। बनावट परखें: शुद्ध गुड़ की बनावट खुरदरी और हल्की सख्त होती है। लेकिन अगर गुड़ बहुत चिकना, मुलायम या चमकदार हो, तो यह मिलावटी हो सकता है। 2. स्वाद से करें पहचान, गुड़ का स्वाद भी उसकी शुद्धता की पहचान का एक बढ़िया तरीका है। प्राकृतिक मिठास: शुद्ध गुड़ का स्वाद मीठा होता है, लेकिन इसमें हल्की मिट्टी जैसी महक भी महसूस होती है। यह इसकी प्राकृतिक गुणवत्ता का संकेत है। अलग स्वाद से सावधान रहें: अगर गुड़ का स्वाद ज्यादा कड़वा, खट्टा या जरूरत से ज्यादा मीठा लगे, तो यह मिलावटी हो सकता है। 3. पानी में घोलकर करें टेस्ट, पानी के जरिए गुड़ की शुद्धता का टेस्ट करना एक आसान और भरोसेमंद तरीका है। कैसे घुलेगा शुद्ध गुड़? शुद्ध गुड़ पानी में डालते ही आसानी से घुल जाता है। अगर गुड़ पूरी तरह से घुलने के बजाय तले में जम जाए, तो यह मिलावटी हो सकता है। पानी का रंग भी बताएगा सच्चाई: शुद्ध गुड़ को घोलने पर पानी का रंग हल्का भूरा हो जाता है। अगर पानी का रंग ज्यादा गहरा, अलग सा या अजीब लगे तो यह साफ इशारा है कि गुड़ में मिलावट है। 4. गुड़ को जलाकर करें जांच, गुड़ को जलाने से भी आप उसकी शुद्धता की पहचान कर सकते हैं। कैसा धुआं निकलता है? शुद्ध गुड़ को जलाने पर हल्का और साफ धुआं निकलता है। लेकिन अगर धुआं बहुत काला या ज्यादा गाढ़ा हो, तो इसका मतलब है कि गुड़ में मिलावट है। 1. भरोसेमंद जगह से खरीदें: हमेशा किसी ऐसे दुकानदार से गुड़ लें, जिस पर आपको भरोसा हो। 2. खुले गुड़ से बचें: धूल और मिट्टी के कारण खुले में रखा गुड़ दूषित हो सकता है। 3. कम मात्रा में खरीदें: ज्यादा मात्रा में गुड़ खरीदने पर यह खराब हो सकता है।

# कमरे और घर के अंदर रखे जाने वाले पौधे

❑ जब इनडोर प्लांट की बात आती है तो सबसे पहले नाम एलोवेरा का आता है। एलोवेरा आपके घर की हवा को शुद्ध तो करता ही है बल्कि यह हेल्थ, स्किन और बालों के लिए भी बेहद फायदेमंद होता है। एलोवेरा को आप घर के अंदर या बाहर भी लगा सकते हैं। इसकी सबसे अच्छी बात यह है कि इसको लगाने के बाद आपको इसकी ज्यादा केयर भी नहीं करनी पड़ती। एलोवेरा में रोजाना पानी देने की आवश्यकता भी नहीं होती है, इसे आप 3-4 दिन में एक बार पानी दे सकते हैं। स्पाइडर प्लांट दिखने में बेहद आकर्षक होता है। अपने घर या रूम को सुंदर बनाने के लिए आप इसे हैंगिंग प्लांट के रूप में भी लगा सकते हैं। कुछ लोग स्पाइडर प्लांट को अपनी बालकनी में लगाना पसंद करते हैं। अगर आप अपने घर या कमरे के लिए किसी खूबसूरत इनडोर प्लांट की तलाश कर रहें हैं तो आप स्पाइडर प्लांट को अपनी सूची में शामिल कर सकते हैं। मनी प्लांट एक ऐसा इनडोर प्लांट है जिसे हर कोई अपने घर में लगाना पसंद करता है। कुछ लोग मनी प्लांट को पैसो का पेड़ भी कहते हैं। मनी प्लांट घर और रूम में लगाने के लिए एक अच्छा इनडोर प्लांट है। क्योंकि यह कार्बन डाइ ऑक्साइड को अवशोषित कर ऑक्सीजन छोड़ता है और हवा को शुद्ध करता है। मनी प्लांट को आप घर के बाहर और घर के अंदर लगा सकते हैं। मनी प्लांट अपने रूम में लगाने के लिए आप बोतल में पानी भरकर बिना मिट्टी के भी उगा सकते हैं। पोथोस एक ऐसा इनडोर प्लांट है जिससे आप अपने घर, कमरे, सीढियों और खिड़की को भी सजा सकते हैं। पोथोस को आप अपने घर में किसी रस्सी का सहारा देते हुए लगा सकते हैं। यह बेल दिखने में बेहद आकर्षक लगती है। पोथोस को ग्रोथ करने के लिए ज्यादा रोशनी की आवश्यकता नहीं पड़ती, यह पौधा आपके रूम के बल्ब या एलइडी लाइट में भी विकास कर सकता है। अगर आप अपने कमरे को सजाना चाहते हैं तो पोथोस को लगा सकते हैं। अगर आप अपने कमरे में किसी पौधे को लगाकर उसकी सुंदरता बढ़ाना चाहते हैं और कमरे के वातावरण को भी शुद्ध रखना चाहते हैं। तो आपको अपने घर में एरिका पाम के पौधे को लगाना चाहिए। एरिका पाम एक ऐसा कमरे में लगाया जाने वाला पौधा है जो हवा से कार्बन मोनोऑक्साइड जहरीली गैस को हटाने का काम करता है और कई तरह की बीमारियों से भी बचाता है।

# आने वाले नए साल में घूम आएं इन जगहों पर

अगर आप गर्मियों में ऐसी खूबसूरत स्थान पर जाना चाहते हैं, जहां पर आप वर्षा का आनंद ले सके तो भारत का पूर्वी राज्य मेघालय आपके लिए बेहतरीन जगह साबित हो सकता है, जो आपके बजट के अनुसार बिल्कुल सही डेस्टिनेशन है। मेघालय की राजधानी शिलांग है। यह भारत के खूबसूरत राज्य में से एक है। मेघालय अपनी कला, संस्कृति, समृद्धि के कारण पूरे विश्व में विख्यात है। मेघालय को बादलों का निवास स्थान भी कहा जाता है।यहां अधिकांश उष्णकटिबंधीय वातावरण पाए जाने के कारण ब्रिटिश शासन के दौरान मेघालय को पूर्व का स्कॉटलैंड भी कहा जाता था। सुंदर पर्वतमालांए, लुभावने झरने, खूबसूरत नदियां, घास, उच्च पठार, भारी वर्षा और हल्की धूप यहां पर एक खूबसूरत प्राकृतिक दृश्य उत्पन्न करता है, जिसके कारण यह पर्यटकों के लिए आकर्षक जगह है। मेघालय में शिलांग, चेरापूंजी, एलीफैंट फॉल, देवकी झील, मासिनराम, जवाई शहर जैसे कई खूबसूरत पर्यटन स्थल है।




## सिक्किम

भारत का उत्तरी पूर्व राज्य सिक्किम प्राकृतिक दृश्य का लुफ्त उठाने के शौकीन रखने वाले पर्यटकों के लिए खूबसूरत पर्यटन स्थल है। भारत के सात पूर्वी राज्य को सात बहनों का राज्य कहा जाता है, जिसमें से एक सिक्किम राज्य है, जिसकी राजधानी गंगटोक है। सिक्किम को पर्वतों पहाड़ों का राज्य भी कहा जाता है। क्योंकि यहां पर खूबसूरत ऊंचे ऊंचे पहाड़ हैं और हरे भरे पेड़ पौधे यहां पर बहुत ही खूबसूरत दृश्य उत्पन्न करते हैं। सिक्किम राज्य में प्रकृति का चमत्कारी और लुभावना दृश्य, हिमालय के सुंदर नजारे, झरने, तालाब इत्यादि के लिए पर्यटकों के बीच काफी प्रसिद्ध है। यहां के बर्फीले



पहाड़ और ऊंची ऊंची चोटियों को देखने के लिए दूर-दूर से पर्यटक आते हैं। यहां पर पर्यटक तिब्बती बौद्ध संस्कृति और स्वादिष्ट स्थानीय भोजन का आनंद ले सकते हैं। इस तरह सिक्किम भारत में घूमने लायक सस्ते स्थानों में से एक है।




नैनीताल भारत के घूमने लायक जगह में से एक है, जो उत्तराखंड में कुमायूं पहाड़ियों के बीच में स्थित है। यहां का नैनी झील देश भर में प्रसिद्ध है। यहां बर्फ से ढके पहाड़ी और देवदार के पेड़ों से छाई हरियाली यहां आने वाले पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देता है। नैनीताल में बच्चों के मनोरंजन के लिए चिड़ियाघर और कई प्रकार के पार्क हैं।




'योग कैपिटल ऑफ द वर्ड' के नाम से प्रसिद्ध ऋषिकेश उत्तराखंड के मशहूर पर्यटक स्थल में से एक है। ऋषिकेश को गंगोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ और यमुनोत्री का प्रवेशद्वार माना जाता है। यहां गंगा नदी के तट पर स्थित त्रिवेणी घाट काफी प्रसिद्ध है, जहां पर हर शाम महाआरती होती है और लाखों श्रद्धालु यहां पर दर्शन करने के लिए आते हैं। यहां की पवित्र नदी गंगा नदी में श्रद्धालु स्नान करके अपने आप को पाप मुक्त करते हैं। ऋषिकेश उत्तराखंड के जिला देहरादून से 43 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। ऋषिकेश के नदियों और झरनों में स्विमिंग और राफ्टिंग का आनंद ले सकते है। इसके अतिरिक्त यहां पर बंजी जंपिंग और कैंपिंग काफी लोकप्रिय है। ऋषिकेश में कई सारे प्राचीन मंदिर और योग आश्रम हैं। यहां के फूलों से भरी घाटी के सुहावने और लुभावने दृश्य को देख पर्यटक यहां से जाना नहीं चाहते। यदि आप ऋषिकेश घूमने के लिए जाएं तो यह बात जरूर ध्यान रखें कि ऋषिकेश में सिर्फ शुद्ध शाकाहारी भोजन मिलता है, यहां पर शराब या किसी भी प्रकार का मांसाहारी व्यंजन वर्जित है क्योंकि यह एक धार्मिक और पवित्र स्थान है।




## कन्याकुमारी (तमिलनाडु)

कन्याकुमारी तमिलनाडु में स्थित भारत का सबसे अंतिम दक्षिणतम छोर है। यहां के खूबसूरत समुद्र तट पर सूर्योदय और सूर्यास्त के अद्भुत दृश्य को देख सकते हैं। इसके साथ ही कन्याकुमारी में कई पर्यटन स्थल भी है, जिसे विजिट कर सकते हैं और दक्षिण भारत के कई स्वादिष्ट और पारंपरिक व्यंजनों का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

## मसूरी हिल स्टेशन (उत्तराखंड)

भारत में घूमने लायक जगह की बात आए और मसूरी का नाम ना आए ऐसा हो ही नहीं सकता। पहाड़ों की रानी के नाम से प्रख्यात मसूरी उत्तराखंड का एक लोकप्रिय हिल स्टेशन है। सुंदर बर्फ से ढके पहाड़ और पेड़-पौधों की हरियाली के बीच में स्थित यह हिल स्टेशन पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यह स्थान कपल के लिए एक लोकप्रिय हनीमून डेस्टिनेशन भी है।



# बच्चों के गले में चंद्रमा का लॉकेट पहनाने का महत्व

❑ घर में नवजात बच्चों को बुरी नजर और बीमारियों से बचाने के लिए हर तरह के उपाय किए जाते हैं. कई बार बच्चों को नजर लग जाती है, जिससे वो रोने और चिड़चिड़ाने लगते हैं. यही नहीं बच्चे दूध पीना और खाना भी छोड़ देते हैं. इससे उनकी सेहत भी बिगड़ जाती है. पुरानी परंपराओं के अनुसार, बुरी नजर और बीमारियों से बचाने के लिए लोग अपने बच्चों के गले में चांदी का अर्ध चांद पहनाते हैं. लेकिन ये क्यों पहनाया जाता है, और इस अर्ध चांद के लॉकेट का महत्व और लाभ क्या है इस बारे में जानते हैं. नवजात बच्चों के गले में चांदी के आधे चांद का लॉकेट पहनाने की प्रथा आज की नहीं बल्कि बहुत पुरानी है. ज्योतिष शास्त्र कहता है कि अपने बच्चों को 10 साल तक चांदी के आधे चांद का लॉकेट गले में पहनाना चाहिए. चांदी के आधे चांद का लॉकेट पहनाने से बच्चों की सेहत सही रहती है. ज्योतिष शास्त्र कहता है चांदी चांद की धातु है. चंद्रमा को आत्मा और मन का कारक माना जाता है. इस वजह से चांदी पहनाने से बच्चों का मन शांत रहता है. ज्योतिष शास्त्र कहता है कि बच्चों के गले में चांदी के आधे चांद का लॉकेट पहनाने से उनके मानसिक और शारीरिक सेहत पर असर पड़ता है. चांदी का लॉकेट का बच्चों पर पॉजिटिव प्रभाव रखता है. बच्चों का पहनाया जाने वाला लॉकेट या कोई भी चीज चांदी की ही होनी चाहिए. वहीं एक्सपर्ट्स का मानना है कि बच्चे अपने शरीर से जो एनर्जी छोड़ते हैं, चांदी की धातु उस एनर्जी को वापस बच्चों के शरीर में भेजने में सहायक होती है. इससे बच्चा खुश रहता है. साथ ही वो मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहता है. माना जाता है चांदी के आधे चांद का लॉकेट बच्चों के शरीर में एनर्जी बनाए रखता है.

# स्किन की पिग्मेंटेशन पर अप्लाई करें विटामिन सी फेस सीरम

❑ चेहरे पर मेलानिन जमा होने से पिग्मेंटेशन होने लगती है. पिग्मेंटेशन की डार्कनेस हर व्यक्ति में अलग-अलग हो सकती हैं. पिंपल्स, ड्राई स्किन और सन डैमेज से भी झाइयां यानी पिग्मेंटेशन हो जाती है. ऐसे में जरूरी है कि स्किन केयर में कोई लापरवाही न बरती जाए. काली झाइयों और धब्बों को दूर करने के लिए आप फेस सीरम का इस्तेमाल कर सकती हैं. आजकल सीरम का इस्तेमाल वैसे भी काफी बढ़ गया है. हर कोई फेस सीरम का इस्तेमाल कर रहा है. इससे एक्ने, पिग्मेंटेशन और ड्राई स्किन की समस्या नहीं होती है. सीरम का इस्तेमाल करने से स्किन से डेड सेल्स निकल जाते हैं.

अगर आप भी पिग्मेंटेशन की समस्या का सामना कर रहे हैं तो हम यहां आपको फेस सीरम के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे आप स्किन केयर किट शामिल कर सकती हैं. पिग्मेंटेशन होने पर इस फेस सीरम का इस्तेमाल कर सकती हैं. इसमें 2% हयालूरोनिक एसिड और 2% अल्फा अरबुटीन है, जो स्किन को ग्लोइंग बनाने के साथ-साथ डार्क स्पॉट्स को हटाते हैं. इसे हर तरह की स्किन पर अप्लाई किया जा सकता है. इसे आप ई कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर 349 रुपए में खरीद सकते हैं. पिग्मेंटेशन को हटाने के लिए विटामिन सी काफी फायदेमंद होता है. आपके चेहरे पर काली झाइयां ज्यादा हैं तो इस सीरम को चेहरे पर अप्लाई कर सकती हैं. इसमें विटामिन सी, नियासिनामाइड और हयालूरोनिक एसिड है- जो स्किन को रेडिएंट और पिग्मेंटेशन फ्री बनाते हैं. इसमें मौजूद विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स स्किन को हाइड्रेट रखने का काम करते हैं. आप इसे ऑनलाइन 499 रुपए में खरीद सकती हैं. स्किन पिगमेंटेशन को दूर करने के लिए यह सीरम भी काफी अच्छा है. इसमें अल्फा अरबुटीन और फेरुलिक एसिड होता है, जो पिगमेंटेशन को दूर करता है.


# नववर्ष की शुरुआत बवासीर को अलविदा कहकर करें

नववर्ष की शुरुआत नए संकल्पों, उम्मीदों और प्रेरणाओं से भरी होती है. हर कोई स्वस्थ और सुखद जीवन जीने का संकल्प करता है. ऐसे में, स्वास्थ्य में बाधा बनने वाली बीमारियों से मुक्त होना बेहद जरूरी है. बवासीर (पाइल्स) एक आम लेकिन कष्टदायक समस्या है. नववर्ष की शुरुआत में इस समस्या को अलविदा कहने के लिए सही कदम उठाना आपके जीवन को स्वस्थ और खुशहाल बना सकता है.

**बवासीर क्या है?**

बवासीर गुदा क्षेत्र में रक्त वाहिकाओं की सूजन है, जिसमें रक्तवाहिकाएं फूल जाती हैं और गांठें बनती हैं. ये गांठें गुदा के अंदर या बाहर हो सकती हैं. बवासीर को दो प्रकारों में बांटा गया है:

1) आंतरिक बवासीर (Internal Piles): इसमें गांठें गुदा के अंदर होती हैं और सामान्यत: दिखाई नहीं देतीं हैं.

2) बाहरी बवासीर (External Piles): इसमें गांठें गुदा के बाहर होती हैं, जिससे सूजन, दर्द और जलन होती है.

**क्या न करें ?**

मसालेदार और तला हुआ खाना खाने से बचें.

**लंबे समय तक बैठने या खड़े रहने से बचें.**

शराब और धूम्रपान से दूरी बनाएं.

**बवासीर के कारण**

बवासीर के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें निम्नलिखित प्रमुख कारण हैं:

**पाचन समस्याएं:** लगातार कब्ज या दस्त से गुदा पर अधिक दबाव पड़ता है.

**गलत जीवनशैली:** लंबे समय तक बैठकर काम करना, व्यायाम की कमी और गलत खानपान से बवासीर की समस्या पैदा होती है.

**गर्भावस्था:** गर्भवती महिलाओं में रक्त संचार बढ़ने से बवासीर होने की संभावना अधिक होती है.

**अधिक वजन:** मोटापा बवासीर के प्रमुख कारणों में से एक है.

**आनुवंशिकता:** परिवार में इस समस्या का इतिहास होने से इसके होने की आशंका अधिक होती है.

**बवासीर के लिए घरेलू उपाय**

शुरुआती चरण में निम्नलिखित घरेलू उपाय मददगार हो सकते हैं:

- **गुनगुने पानी का सेक:** 15-20 मिनट गुनगुने पानी में बैठने से दर्द और सूजन कम होती है.
- **हल्दी और नारियल तेल:** गुदा क्षेत्र पर हल्दी और नारियल तेल लगाने से जलन कम होती है.
- **एलोवेरा जेल:** एलोवेरा जेल सूजन और दर्द से राहत देता है.

**बवासीर के लक्षण**

बवासीर की पहचान के लिए निम्नलिखित लक्षण आमतौर पर देखे जाते हैं -

- **मल त्याग के दौरान या बाद में रक्तस्राव होना**
- गुदा क्षेत्र में सूजन या गांठ महसूस होना
- **तीव्र दर्द और जलन**
- मल त्याग के बाद अधूरा महसूस होना
- **खुजली या बेचैनी**

**नववर्ष में स्वास्थ्य का संकल्प**

नववर्ष एक नई शुरुआत का समय होता है. स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर बवासीर जैसी समस्याओं को हमेशा के लिए अलविदा कहें. दैनिक जीवन में छोटे बदलाव कर बड़े परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं.

**स्वस्थ आदतों का संकल्प**

- हर भोजन में फाइबर शामिल करें.
- तनाव को दूर रखने के लिए रोज ध्यान करें.
- वजन नियंत्रित रखने के लिए नियमित व्यायाम करें.
- समय-समय पर डॉक्टर से सलाह लें.

**नववर्ष में बवासीर से छुटकारा पाने के उपाय**

बवासीर को रोकने और कम करने के लिए जीवनशैली में बदलाव और सही उपचार जरूरी है. निम्नलिखित उपाय मददगार हो सकते हैं:

- फाइबर युक्त आहार लें
- **पर्याप्त पानी पिएं:** दिनभर में 8-10 गिलास पानी जरूर पिएं.
- **नियमित व्यायाम करें:** प्रतिदिन 30 मिनट टहलना, दौड़ना या योग करना फायदेमंद है.
- शौच को रोके नहीं
- मोटापा कम करें
- **गुदा क्षेत्र की स्वच्छता बनाए रखें:** शौच के बाद गुदा क्षेत्र को संक्रमण से बचने के लिए गुनगुने पानी का उपयोग करें.
- तनावमुक्त जीवनशैली स्वीकार करें
- **डॉक्टर से परामर्श करें:** यदि बवासीर गंभीर हो, तो विशेषज्ञ से सलाह लें. वर्तमान आधुनिक उपचार पद्धति में लेजर थेरेपी, बैंडिंग या सर्जरी से बवासीर का समाधान किया जा सकता है.

**पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी युवा मंच द्वारा आयोजित शिविर में लेजर व आयुर्वेद उपचार पर 19 से 30 दिसंबर तक 50% छूट**

**अभ्युदय पाइल्स लेजर हॉस्पिटल**



डॉ. प्रवीण एन. सहावे, एम.एस. (शल्य)

डॉ. पूजा प्र. सहाव, कॉस्मेटिक लेजर महिला रोग विशेषज्ञ

महापुष्प सोसायटी, लोहार भवन के पीछे, शताब्दी चौक से मनीष नगर रोड, नागपुर.

समय: सुबह 10 से दोपहर 2 और शाम 5.30 से रात 9.30 बजे तक

9970743318, 9270051446 www.pilesfistulacure.com



# हेल्थ एंड फिट कैप्सूल फिटनेस की हितकारी औषधि

❑ आजकल की भागदौड़ के जीवन में फिट रहना ऊर्जावान रहना अति आवश्यक है। इसके लिए संतुष्टि आहार स्वास्थ्य के नियमों का पालन करना भी आवश्यक है। इसके साथ साथ आयुर्वेदिक रसायन औषधि अथवा टॉनिक का सेवन भी लाभप्रद होता है। शिवशंकर आयुर्वेदिक एजंसी सिताबर्डी टेंपल बाजार रोड नागपुर द्वारा निर्मित एवं वितरित 'हेल्थ एंड फिट कैप्सूल्स' अत्यंत उपयोगी टॉनिक साबित हुई है। उसमें घटक द्रव्यों में ब्राह्मी, शंखपुष्पी -अश्वगंधा यह आयुर्वेदिय औषधि शारीरिक एवं मानसिक बल प्रदान करने वाली होने से शरीर एवम् मन को उत्साहित रखने मे सहायक होती है। इसके साथ साथ विटामिन बी3, बायोटिन, कैल्शियम, ग्रेप सीडस एक्सट्रेक्ट, ओमेगा यह एवं बाकी मल्टी- विटामिन यह शरीर की ऊर्जा का स्त्रोत होने के कारण थकान को हटाकर शरीर की आवश्यकताओं को पूरा करके शरीर को पूरी तरह ऊर्जा प्रदान करने मे सहायक होता है। जिसके काल रोग की भागदौड़ भरी जीवन में शारीरिक एवम् मानसिक ऊर्जा भरपूर मिलती है. जिससे शरीर एवम् मन काम करके भी दुरुस्त तरोताजा रखने मेक् सहायता मिलती है. जिन व्यक्तियों को थकान, चाहे वह शारिरीक से या मानसिक होती है। काम में मन एवम् ऊर्जा नही लगता ऐसे लोगों को इसका सेवन अनुभवी वैरयों की सलाह से करे घर बहुम अच्छा शारीरिक एवम् चित मानसीक फायदा लेकर शरीर मन तरोताजा होकर कार्यक्षमता बढ़ने मे सहायता मिल जाती है। जिससे पूरा दिन अच्छा होता है और स्वास्थ्य लाभ होते हुए देखा जा सकता है. तथापि इच्छुक व्यक्ति या रुग्ण जो कमजोरी तक थकान से ग्रस्त है वह व्यक्ति शिव शंकर आयुर्वेदिक अनुभवी की वैद्यो से औषधि ले सकते है.

**पॅनल्स ऑफ डॉक्टर्स**



डॉ.आकांक्षा रा.गुप्ता, B.A.M.S, MD, (A.M) C.C.H, C.G.O, C.V.D

डॉ. पारुल मोहित गुप्ता, B.A.M.S, PG-DEMS NDDY, CCNY,CCHC

डॉ. रचना मयूर गुप्ता, B.A.M.S, M. D.

डॉ. अतुल तेलरांदे, B.A.M.S, M.D, M.I.S.R(Mum), C.C.H C.G.O, C.S.D, C.V.D

डॉ. विनोद तिवारी, बी.ए.एम.एस, पी.ओ.डी.



**शिवशंकर आयुर्वेद एजन्सी**

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में (0712) 2567747, 2536077 इन दूरध्वनी क्रमांको पर संपर्क स्थापित करें


**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

# नए साल में फैसला लेंगी एनसीपी-एसपी

## > 8 और 9 जनवरी को अहम बैठक

**मुंबई.**



महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद राकां (शरद गुट) के राष्ट्रीय शरद पवार अब बड़ा फैसला लेने की तैयारी कर रहे है। शरद पवार की पार्टी ने 8 और 9 जनवरी को मुंबई में अहम बैठक बुलाई है। यह बैठक नरीमन पाइंट स्थित यशवंतराव चव्हाण सेंटर में आयोजित की गई है। अब पार्टी में बदलाव की बयार शुरू करने के संकेत मिल रहे है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि पार्टी में अहम पदों पर किन नए चेहरों को मौका दिया जाएगा। फिलहाल जयंत पाटिल राकां के प्रदेश अध्यक्ष हैं। इससे पहले राजनीतिक गलियारों में जयंत पाटिल के इस्तीफे को लेकर कई तरह की चर्चाएं चल रही थी।

8 जनवरी को सभी प्रकोष्ठों, विधायकों, सांसदों और विभागाध्यक्षों की बैठक होगी। 9 जनवरी को जिला अध्यक्षों और शहर अध्यक्षों को भी बैठक में आमंत्रित किया गया है। इस दो दिवसीय बैठक में शरद पवार अपनी पार्टी में बदलाव को लेकर सभी की राय लेंगे और उसके बाद विभिन्न पदों पर प्रमुखों को बदला जाएगा। बैठक में शरद पवार खुद मौजूद रहेंगे और कोई बड़ा फैसला ले सकते है।

कुछ दिन पहले रोहित पवार और जयंत पाटील के बीच शीत युद्ध चलने की बात सामने आई थी, लेकिन आगामी स्थानीय स्वराज्य चुनाव को देखते हुए ऐसा लग रहा है कि शरद पवार पार्टी में कुछ बड़ा बदलाव का फैसला ले सकते है।

राकां (अजित गुट) के चिकित्सा के शिक्षा मंत्री हसन मुश्रीफ ने गुरुवार को कहा है कि अगर दो राकां एक हो जाए तो मुझे सबसे ज्यादा खुशी होगी। इससे राजनीतिक गलियारों में फिर से बहस छिड़ गई है। इसके पहले शरद पवार के जन्मदिवस पर दिल्ली में अजित पवार और विधायक रोहित पवार ने मुलाकात की थी। जन्मदिवस के बहाने शरद पवार से भेंट को लेकर राजनीतिक चर्चाओं का दौर शुरू हो गया था और लोग दोनों राकां को साथ में आने की अटकलें लगाने लगे थे। बता दें कि शीतकालीन सत्र के दौरान राकां (शरद पवार) के विधायक शशिकांत शिंदे ने नागपुर में अजित पवार से उनके आधिकारिक निवास विजयगढ़ में मुलाकात की थी। दोनों गुटों के नेताओं का एक-दूसरे मिलने के दौर को भी 'एकता की डोर' की नजर से देखा जा रहा।

### प्रदेश अध्यक्ष के बदलाव के भी संकेत

इसके अलावा प्रदेश अध्यक्ष के बदलाव को लेकर भी मांग चल रही है, लेकिन पार्टी में सिर्फ एक गुट इस बात पर अड़ा है कि जयंत पाटील को ही प्रदेश अध्यक्ष बनाया जाना चाहिए। अगर पाटील अध्यक्ष पद छोड़ते हैं तो यह देखना दिलचस्प होगा कि उनकी जगह कौन लेगा।

## शिंदे गुट के नेता पर लगे उगाही के आरोप

**मुंबई.** एकनाथ शिंदे गुट के नेता लाल सिंह राजपुरोहित सहित 8 लोगों के खिलाफ मुंबई पुलिस ने वसूली का मामला दर्ज किया है. उनपर आरोप है कि उन्होंने कॉन्ट्रैक्टर से 5 लाख रूपये की मांग की थी और पैसा नहीं देने पर उनकी पिटाई कर दी थी. इस मामले में शिवसेना की ओर से कई बयान अभी नहीं आया है. मुंबई के कांदिवली पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है. इस मामले में अब तक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. इसी मामले में मुख्य आरोपी लाल सिंह राजपुरोहित अब भी फरार बताया जा रहा है. मुंबई पुलिस के अधिकारी ने बताया कि शिवसेना नेता लाल सिंह राजपुरोहित ने सड़क का काम कर रहे एक कॉन्ट्रैक्टर से 4 लाख रुपये की मांग की थी जिसको कॉन्ट्रैक्टर ने दे भी दिया था. कुछ दिन के बाद फिर से लाल सिंह राजपुरोहित ने फिर पांच लाख रुपये की मांग की थी. पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब कॉन्ट्रैक्टर ने यह पैसा नहीं दिया तो लाल सिंह राजपुरोहित के कार्यकर्ताओं ने कॉन्ट्रैक्टर की खूब पिटाई कर दी. इस घटना के बाद कॉन्ट्रैक्टर ने कांदिवली पुलिस को इस संदर्भ में शिकायत की जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी.

## झोपड़पट्टियों का कूड़ा-कचरा बना मुसीबत

**नासिक.**



नासिक शहर से होकर गुजरने वाली नासिक बाईं तट नहर का इस्तेमाल कूड़ेदान की तरह किया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप, पानी के मार्ग में अवरोध उत्पन्न हो रहे हैं और पानी जमा हो रहा है। इस समस्या को रोकने और पानी के प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए, सिंचाई विभाग ने शहर की 12 किलोमीटर लंबी नहर को बंद करने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन इस पर पिछले एक साल से कोई निर्णय नहीं हुआ है।

अब इस नहर को बंद करके सिंहस्थ के दौरान इसका उपयोग सड़क निर्माण के लिए किया जा सकता है, इस पर विचार किया जा रहा है। गुरुवार की सुबह नासिक बाईं तट नहर में पानी छोड़ा गया। जगह-जगह जमा हुए कचरे के कारण पानी के मार्ग में अवरोध उत्पन्न हो गए। जमा हुआ पानी जाधव मल्ला क्षेत्र में घुस गया। सड़कों पर पानी की धारा बह रही थी। के.के. वाघ महाविद्यालय के पास नहर में पानी जमा हो गया।

इसके परिणामस्वरूप, गंगापूर बांध से छोड़ा गया पानी रोकना पड़ा। जमा हुए पानी को कपिला नदी में छोड़ना पड़ा। शुक्रवार को नहर से कचरा निकालने का काम जेसीबी और मजदूरों की मदद से शुरू किया गया। शाखा अभियंता इंद्रजित काकुस्ते ने बताया कि यह काम शाम तक पूरा होने की उम्मीद है।

नासिक बाईं तट नहर के वहन मार्ग में अक्सर कचरे के कारण अवरोध उत्पन्न होते हैं। आसपास की झोपड़पट्टियों में रहने वाले लोग नहर में पूराने गद्दे, कपड़े और अन्य कचरा फेंकते हैं। अक्सर झाड़ों की फांदियां और मृत जानवर भी नहर में पाए जाते हैं। नहर की शहर में लंबाई 12 किलोमीटर है। अगर इसे बंद नहर में बदल दिया जाए, तो वहन खर्च में औसतन 20 फीसदी की कमी होगी। रबी और गर्मी के मौसम में 320 मिलियन लीटर प्रति फीट बचत होगी और गैर सिंचाई आरक्षण के कारण नहर के लाभक्षेत्र में 8600 हेक्टर कमी में से 1040 हेक्टर सिंचित क्षेत्र पुनर्स्थापित होगा। कॉन्क्रीट से 10 मीटर चौड़ी नहर को बंद करने से वहन मार्ग में अवरोध दूर होंगे और पानी का अपव्यय रुकेगा। इसके लिए शासन को भेजा गया प्रस्ताव अभी अनिर्णित है। बंद नहर पर सड़क बन सकती है

नासिक बाईं तट नहर पर 10 गांवों के पानी की आपूर्ति निर्भर करती है। इन गांवों की ग्राम पंचायतों को दूषित पानी को पीने योग्य बनाने के लिए शुद्धीकरण के लिए बड़ा खर्च करना पड़ता है। सीमेंट कॉन्क्रीट से नाले को बंद करने से नहर के प्रबंधन की आवश्यकता नहीं होगी। नहर की जगह जॉगिंग ट्रैक और साइकिल मार्ग के लिए उपयोग की जा सकती है। सिंहस्थ कुंभ मेले में बंद नहर पर सड़क बनाई जा सकती है, इस पर सिंचाई विभाग द्वारा ध्यान दिया जा रहा है।

## हैवान पति ने पत्नी को जिंदा जलाया



**मुंबई.** परभणी से मिली एक सनसनीखेज खबर के अनुसार एक महिला को जिंदा जला दिया गया है। इतना ही नही आग से घिरी इस महिला की सड़क पर दौड़ती हुई फुटेज सीसीटीवी पर भी कैद हुई है। वहीं इस घटना के बाद पत्नी को इलाज के लिए परभणी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है।

जानकारी दें कि, बीते 26 दिसंबर की रात करीब 8 बजे परभणी में एक व्यक्ति ने अपनी ही पत्नी को जिंदा जला दिया। वहीं आग की लपटों में घिरी महिला सड़क पर दौड़ती दिखी तो कुछ लोगों ने पानी-चादर से जैसै-तैसे आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन महिला को फिर भी बचाया जा सका। वहीं इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सबके सामने आया है।

मामले पर मिली जानकारी के अनुसार कुंडलिक काले अपनी पत्नी और दो बेटियों के साथ परभणी के फ्लाई ओवर इलाके में रहता था। वहीं पुलिस ने मामले पर बताया कि, आरोपी कुंडलिक काले कुछ दिन पहले ही तीसरी बार पिता बना था। हालांकि,उसकी दो बेटियां पहले से थीं, इस बार भी बेटी होने के कारण वह पत्नी से सख्त नाराज था। इस घटना पर मिली जानकारी के मुताबिक तीसरी लड़की होने के कारण पति ने अपनी पत्नी से उठते-बैठते गाली-गलौज कर मारपीट करता था। वहीं पत्नी की जान लेने वाले कुंडलिक काले को की इस क्रूरता वाकई दिल को दहला देने वाला है। मामले पर कुंडलिक के खिलाफ उसकी पत्नी की बहन ने अब पुलिस थाने में हत्या का केस दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी कुंडलिक को हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। मृतक महिला की बहन का बयान भी दर्ज किया गया है। घटना पर और जानकारी का इंतजार है।

## दो नाबालिग बहनों की बुरी तरह से हत्या

**पुणे.**



पुणे में हाल ही में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां दो नाबालिग बहनों को बुरी तरह से हत्या करने का मामला सामने आया है। महाराष्ट्र के पुणे में 9 और 8 साल की दो नाबालिग बहनों का यौन उत्पीड़न करने के बाद उनकी हत्या करने के आरोप में 54 वर्षीय रसोइए को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इस घटना की जानकारी दी और बताया कि दो नाबालिग बहनों के हत्या के आरोपी को अदालत में पेश किया गया और 1 जनवरी, 2025 तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। अधिकारियों के अनुसार, स्थानीय होटल में रसोइया के रूप में काम करने वाला आरोपी पीड़ितों का पड़ोसी था और उनके परिवार को जानता था। पुणे के पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) पंकज देशमुख के अनुसार, बुधवार की सुबह लड़कियां अपने घर के पास खेल रही थीं, जब वे लापता हो गईं, जिसके बाद तलाशी अभियान चलाया गया। बाद में लड़कियों के शव उनके घर के पास एक पानी के ड्रम के अंदर पाए गए। एसपी देशमुख ने कहा कि आरोपी ने बड़ी बहन का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया।

एसपी देशमुख ने बताया, "जब छोटी लड़की अपनी बहन को बचाने आई, तो आरोपी ने उसके साथ भी मारपीट की। इसके बाद उसने दोनों लड़कियों को पानी के ड्रम में डुबोकर मार डाला। उन्होंने बताया कि आरोपी को गुरुवार सुबह पुणे शहर के एक लॉज से गिरफ्तार किया गया, जब वह उत्तर भारत भागने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## साइबर ठगी का किया पर्दाफाश

### > 77 दर्ज मामलों में 29 का किया खुलासा



**जलगांव.** साइबर अपराधों पर लगाम लगाने में जलगांव पुलिस ने एक बार फिर बड़ी कामयाबी हासिल की है। जिले के साइबर सेल ने दो अलग-अलग साइबर ठगी के मामलों का पर्दाफश करते हुए 74 लाख 47 हजार से अधिक रुपये बरामद किए हैं। वहीं संदिग्ध साइबर ठगों को गिरफ्तार करने में पुलिस असफल साबित हुई। एसपी ने कहा कि अभी तक साइबर ठगी के 77 दर्ज मामलों में 29 मामलों का खुलासा हुआ है। जिसमे ठगों से एक करोड़ 11 लाख 42 हजार 932 रुपए जब्त किए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक डॉ. महेश्वर रेड्डी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पहले मामले में संतकुमार कृपाराम उईके से शेयर बाजार में अधिक मुनाफा कमाने का झांसा देकर 1 करोड़ 6 लाख रुपये की ठगी की गई थी।

दूसरे मामले में राजेंद्र गुलाबराव गरुड़ को मुंबई में मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में फंसाकर धमकाया गया और उनसे 18 लाख रुपये की ठगी की गई। आरोपियों ने पीड़ित को फर्जी अदालती आदेश दिखाकर डराया और उनसे पैसे ट्रांसफर करवा लिए।

पुलिस ने दोनों मामलों में तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खातों को फ्रीज कर दिया और पीड़ितों के पैसे बरामद कर लिए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि साइबर अपराधों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है और लोगों को सावधान रहने की सलाह दी है. एसपी महेश्वर रेड्डी, अपर पुलिस अधिकारी अशोक नख़ाते के निर्देशन में सायबर सेल पुलिस इंस्पेक्टर नीलेश गायकवाड़ के नेतृत्व में साइबर सेल की टीम के पुलिस उप निरीक्षक गणेश अहीरे, हेड कांस्टेबल हेमंत महाडीक, सचिन सोनवणे ने इस मामले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने तकनीकी जांच के जरिए आरोपियों के बैंक खातों तक पहुंच कर ठगी की धनराशि बरामद करने में सफलता हासिल की है किंतु संदिग्ध बदमाशों को पुलिस गिरफ्तार करने में नाकाम साबित हुई।

नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अज्ञात व्यक्ति के वीडियो कॉल का जवाब न दें, क्योंकि डिजीटल अरेस्ट जैसी कोई चीज नहीं होती है। शेयर मार्केट में निवेश करते समय सावधानी बरतें और किसी को भी अपनी व्यक्तिगत जानकारी न दें। ऑनलाइन फ्रॉड का शिकार न बने तुरंत पुलिस से संपर्क करें। साइबर ठगों से सावधान रहें।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में तीन अब भी फरार

### > मुंबई क्राइम ब्रांच दायर करेगी चार्जशीट

**मुंबई.**



एनसीपी नेता और शहर की नामचीन हस्तियों में शामिल बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच जल्द ही चार्जशीट दायर करने की तैयारी में हैं. बताया जा रहा है कि मामले की जांच कर रहे मुंबई क्राइम ब्रांच के अधिराकारी कुछ दिनों में चार्जशीट दायर करेगी.

बताया जा रहा है कि इस मामले में कुल 26 गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर की जाएगी जिसमें तीन आटोपियों को फरार बताया जाएगा जिनके नाम शुभम लोनकर, जीशान अख्तर और लॉरेंस बिश्नोई का भाई अनमोल बिश्नोई है. सूत्रों ने यह भी दावा किया कि मुंबई क्राइम ब्रांच को हत्या की वजह को लेकर अब तक कोई ठोस चीज़ नही मिली है. मुम्बई क्राइम ब्रांच ने डिस्प्यूट एंगल की भी जांच की पर पुलिस के हाथ ऐसा कुछ नही लगा जो इस ओर इशारा करे कि हत्या की वजह प्रोजेक्ट रही होगी. एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस फिलहाल हत्या की वजह मान कर चल रही है कि बाबा सिद्धीकी सलमान खान के करीबी थे. मुंबई पुलिस के एक बड़े अधिकारी ने बताया कि जितनी भी गिरफ्तारियां हुई है वो सभी एक्जीक्यूशन लेवल पर जुड़े आरोपी हैं जिन्हें यह नही पता कि क्यों मारा जा रहा है? उन्होंने इस हत्या को अंजाम सिर्फ उन्हें मिले टास्क की वजह से किया.

## दुनिया उनके योगदान को याद कर रही है: पटोले

**मुंबई.** महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि ''मनमोहन सिंह ने कहा था कि लोग मुझे कमजोर प्रधानमंत्री के तौर पर देखते हैं लेकिन आज दुनिया उनके देश के लिए दिए गए योगदान को याद कर रही है. दुनिया के मंच पर उनका सम्मान किया गया था जो आलोचना उनकी करते थे आज उनको याद कर रहे हैं. वो अर्थशास्त्र के डॉक्टर थे. ऐसे महान नेता को हम श्रद्धांजलि दे रहे हैं. नाना पटोले ने कहा, ''सत्ता में बैठे लोगों में वो सोच नहीं है लेकिन सुपुत्र के लिए भेदभाव किया जा रहा है.

## आदित्य पंडित को जमानत मिली

**मुंबई.** अदालत ने शुक्रवार को आदित्य पंडित को जमानत दे दी. आदित्य पंडित को पुलिस ने अपनी प्रेमिका सृष्टि तुली को कथित तौर पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया था. एयर इंडिया की पायलट सृष्टि तुली की लाश 25 नवबंर को मुंबई के मरोल इलाके में कनकिया रेन फॉरेस्ट नाम की बिल्डिंग में पाई गई थी. वह इस बिल्डिंग में किराए पर रह रही थीं.

सृष्टि तुली को आत्महत्या के लिए उकसाने का इलजाम आदित्य पंडित पर लगा था. इस मामले में आदित्य के वकील ने सेशन जज के सामने जमानत याचिका दायर की थी. जिसे जिला अदालत ने शुक्रवार को मंजूर कर लिया. मामले में तुली के पिता ने कहना है कि उनकी बेटी और आदित्य पंडित अत्महत्या के एक पांच छह दिन पहले से उसी कमरे में रुके थे. हालांकि तुली ने जिस दिन आत्महत्या की उस दिन आदित्य पंडित दिल्ली चला गया था. पिता ने आरोप लगाया है कि दोनों में खाने को लेकर विवाद रहता था. आदित्य में वेजिटेरियन खाना पसंद करता था जबकि तुली नॉनवेज खाना पंसद पसंद करती थी. इस बात के लिए आदित्य अक्सर तुली पर खाने की हैबिट को बदलने के लिए दबाव बनाता था.

## तेज रफ्तार टेम्पो ने पैदल यात्रियों को रौंदा

**मुंबई.**



घाटकोपर में एक तेज रफ्तार टेम्पो ने पैदल चल रहे यात्रियों को रौंद दिया, जिसमें एक ने जगह पर ही दम तोड़ दिया। शुक्रवार को घाटकोपर पश्चिम, मुंबई में तेज रफ्तार टेम्पो ने पांच पैदल यात्रियों को रौंद दिया, जिसमें एक महिला की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। मुंबई पुलिस ने बताया, "घाटकोपर पश्चिम, मुंबई के चिराग नगर में तेज रफ्तार टेम्पो ने पांच लोगों को रौंद दिया, जिसमें एक महिला की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। घायलों को तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घटना में घायल सभी लोगों को पुष्टि हो गई है। घायलों की पहचान रेशमा शेख (23 वर्ष), मारुफा शेख (27 वर्ष), तोफा उझार शेख (38 वर्ष) और मोहरम अली अब्दुल रहीम शेख (28 वर्ष) के रूप में हुई है। जोनल डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (डीसीपी) के अनुसार, शाम करीब 6.30 बजे नारायण नगर से कोल्ड ड्रिंक लेकर आ रहा टेम्पो तेज गति से जा रहा था। टेम्पो चालक ने स्टीयरिंग व्हील पर से नियंत्रण खो दिया और पास से गुजर रहे पैदल यात्रियों को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरोपी को लोगों ने पकड़ लिया और घाटकोपर पुलिस के हवाले कर दिया। इससे पहले पुणे से भी एक ऐसा ही मामला सामने आया था, जहां फुटपाथ में सो रहे कुछ लोगों को निंद में ही एक ट्रक ने रौंद दिया। पुलिस ने जानकारी दी कि महाराष्ट्र के पुणे शहर में फुटपाथ पर सो रहे लोगों को ट्रक ने रौंद दिया जिससे दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए।

## 16 बांग्लादेशियों को किया गिरफ्तार

**मुंबई.**



पुलिस एक बार फिर एक्शन में आ गई है, जहां एटीएस की टीम ने बांग्लादेशियों के खिलाफ अभियान चलाया है और बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने भारत में अवैध रूप से घुसने और वैध दस्तावेजों के बिना रहने के आरोप में छह महिलाओं सहित 16 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी और बताया कि एटीएस द्वारा शुरू किए गए विशेष अभियान के दौरान इन बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने कहा, ''नवी मुंबई, ठाणे और सोलापुर में पुलिस की मदद से पिछले 24 घंटे में कार्रवाई की गई। हमने सात पुरुषों और छह महिलाओं को गिरफ्तार किया है।"

उन बाग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ विदेशी अधिनियम और अन्य प्रासंगिक कानूनों के तहत तीन मामले दर्ज किए गए हैं।

उन्होंने कहा, ''इन बांग्लादेशी नागरिकों ने फर्जी दस्तावेजों का उपयोग करके किसी तरह आधार कार्ड जैसे भारतीय दस्तावेज हासिल कर लिए थे। एक अधिकारी ने शनिवार को जानकारी दी और बताया कि एटीएस और पुलिस के संयुक्त दस्ते ने शुक्रवार रात जालना जिले से तीन बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। आरोपी भोकरदन तालुका में क्रशर मशीनों पर काम कर रहे थे। महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) और स्थानीय पुलिस के संयुक्त अभियान के दौरान उन्हें अनवा और कुंभारी गांवों से गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि तीनों ने फर्जी पहचान पत्र बनवाए थे ताकि वे भारत में अवैध रूप से काम कर सकें। पुलिस अधिकारी ने बताया कि वे पिछले दो साल से अवैध रूप से महाराष्ट्र में रह रहे थे। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता और विदेशी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए नौकरी के मामले में अच्छा रहने वाला है, लेकिन यदि आपने कामों में अपनी चलायी,

वृषभ - आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र के कामों में कुछ व्यवधान महसूस करेंगे,

मिथुन -आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है। आपको अपने कामों में यदि अपने सहयोगियों से कोई मदद की आवश्यकता होगी,

कर्क- आज का दिन आपके लिए अपने भविष्य को लेकर कोई बड़ा प्लान करने के लिए रहेगा। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी।

सिंह- आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपकी कुछ खास व्यक्तियों से मुलाकात होगी। आपकी सोच समझ से काम पूरे होंगे।

कन्या- आज का दिन आपके लिए कुछ उलझनों से भरा रहने वाला है। प्रॉपर्टी को लेकर आपकी कुछ समस्याएं बढ़ेंगी।

तुला- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं।

वृश्चिक - आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपको वाहनों के प्रयोग से सावधान रहना होगा। आपका मन इधर-उधर के कामों में ज्यादा लगेगा,

धनु- आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी,

मकर- आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा। यदि आप किसी शारीरिक कष्ट को लेकर परेशान चल रहे थे, तो आपकी वह समस्या भी दूर होगी।

कुंभ -आज का दिन आपके लिए पारिवारिक समस्याओं को लेकर आने वाला है। आपको अपने किसी बिजनेस पार्टनर से कोई वाद-विवाद होने की संभावना है।

मीन -आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए बेहतर रहेगा, क्योंकि उन्हें कोई बड़ा ऑर्डर मिलने की संभावना है।

## शाइना एनसी का कांग्रेस को करारा जवाब

### > पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव की दिलाई याद

**मुंबई.**

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के बाद कांग्रेस ने उनका स्मारक बनाने के लिए जगह आवंटित करने की मांग केंद्र सरकार से की है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने डॉ मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार और स्मारक बनाए जाने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बातचीत की थी और उनसे आग्रह किया था कि पूर्व प्रधानमंत्री का स्मारक बनाया जाए। इसके लिए उन्होंने पीएम मोदी को पत्र भी लिखा था।

इसके बाद कांग्रेस और भाजपा में वाक् युद्ध चल रहा है। इस बीच शिवसेना नेता शाइना एनसी ने पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव की याद दिलाते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कांग्रेस पर बेवजह विवाद खड़ा करने का आरोप लगाया है।पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के स्मारक के



लिए जगह आवंटित करने के मुद्दे पर शिवसेना नेता शाइना एनसी ने कहा कि "कांग्रेस द्वारा उठाया गया सवाल पूरी तरह से विवाद से प्रेरित है। उन्हें याद दिलाना चाहिए कि उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के लिए कभी स्मारक नहीं बनाया, जो उनकी पार्टी के नेता थे। बिना किसी बात पर विवाद क्यों खड़ा किया जा रहा है? कांग्रेस पार्टी को अनावश्यक राजनीति और मीडिया लाइमलाइट से आगे बढ़ना चाहिए।

गृह मंत्रालय की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के स्मारक मामले में एक विज्ञप्ति जारी की गई। इसमें कहा गया कि पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह के स्मारक स्थल को लेकर केंद्र सरकार द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को सुबह ही जानकारी दे दी गई थी।

इस बयान में आगे कहा गया कि सुबह कैबिनेट की बैठक के तुरंत बाद, गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और डॉ. मनमोहन सिंह के परिवार को सूचित किया कि सरकार स्मारक के लिए जगह आवंटित करेगी।

### निगम बोध घाट में हुआ अंतिम संस्कार

गौरतलब है कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का 92 वर्ष की आयु में गुरुवार की रात निधन हो गया था। उनका अंतिम संस्कार आज यानि शुक्रवार को दिल्ली के निगमबोध घाट पर किया गया। उनकी अंतिम यात्रा सुबह 9:30 बजे दिल्ली स्थित एआईसीसी मुख्यालय से निगमबोध घाट के लिए रवाना हुई जहां उन्हें पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई।

## देशमुख हत्या का मामला गरमाया

**मुंबई.** महाराष्ट्र के बीड में मसाजोग गांव के सरपंच का हत्याकांड तूल पकड़ रहा है. सरपंच संतोष देशमुख मर्डर केस के दोषियों को पकड़ने और उनको सजा दिलाने की मांग विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी लगातार कर रही है. इस बीच अब एमवीए की ओर से बड़ा कदम उठाया जा रहा है. बीड में एमवीए की सभी पार्टियों की तरफ से बड़ी रैली निकाली जाएगी. इस रैली में एमवीए के सभी बड़े नेताओं समेत कांग्रेस, शरद पवार गुट और उद्धव ठाकरे गुट के कई नेता शामिल होने वाले हैं. यह रैली बीड में सरपंच संतोष देशमुख की हत्या मामले में निकाली जा रही है. विपक्ष का आरोप है कि संतोष देशमुख हत्याकांड में महायुति के नेता धनंजय मुंडे के लोग शामिल हैं.

# जिला चंद्रपुर-गढ़चिरोली



गढ़चिरोली जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रृद्धांजली दी गई।

## आलापल्ली की जनता ने निकाला जनाक्रोश मोर्चा

**अहेरी:** परभणी के भीमसैनिक सोमनाथ सूर्यवंशी की पुलिस पिटाई में मौत, बीड के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या और संसद में देश के गृह मंत्री अमित शाह, भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. शुक्रवार, 27 दिसंबर को बाबासाहेब अम्बेडकर के बारे में आपत्तिजनक और निराधार बयानों के कारण आलापल्ली में एक विरोध रैली का आयोजन किया गया था। यह जुलूस आलापल्ली के संघमित्रा बौद्ध विहार से शुरू होकर आलापल्ली में मुख्य चौक से वीर सावरकर चौक होते हुए वीर बाबूराव चौक तक इसका समापन हुआ. फिर यह मोर्चा एक बड़ी सार्वजनिक सभा में तब्दील हो गया. इस मौके पर मोर्चा में बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए.

## चंद्रपुर नगर निगम और डॉ.खत्री कॉलेज के बीच समझौता

### > पर्यावरण संरक्षण के लिए जनजागरूकता

**चंद्रपुर.**



चंद्रपुर नगर निगम और डॉ. खत्री कॉलेज ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत वृक्षारोपण, वर्षा जल संचयन और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण पर्यावरणीय मुद्दों पर सार्वजनिक जागरूकता पैदा की जाएगी।

नगर निगम आयुक्त विपिन पालीवाल और डॉ.खत्री कॉलेज के प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षरित एमओयू के अनुसार डॉ.खत्री कॉलेज अब वृक्षारोपण, वर्षा जल संचयन और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, ई-वाहन, प्लास्टिक प्रतिबंध जैसी गतिविधियों के बारे में जन जागरूकता पैदा करेगा।

सरकारी निर्देशों के अनुसार, चंद्रपुर नगर निगम द्वारा पर्यावरण से संबंधित सभी महत्वपूर्ण विषयों पर विभिन्न गतिविधियां लागू की जा रही हैं। इन प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों में नागरिकों की भागीदारी महत्वपूर्ण है, क्योंकि जनभागीदारी से ही पर्यावरण संरक्षण संभव है। यदि प्रशासन के प्रयासों को नागरिकों का समर्थन मिले तो कोई भी पहल सफल हो सकती है।

नगर निगम द्वारा प्रत्येक माह महाविद्यालय में पर्यावरण संबंधी गतिविधियों के प्रति जनजागरूकता लाने पर विशेष ध्यान दिया जायेगा तथा महाविद्यालय द्वारा योजनाबद्ध तरीके से प्रभावी कार्यक्रम क्रियान्वित किये जायेंगे तथा किये गये कार्यों की जानकारी नगर निगम की सहभागिता से दी जायेगी कॉलेज के युवा पर्यावरण संरक्षण और संरक्षण में भाग लेंगे और चंद्रपुर नगर निगम ने अन्य कॉलेजों से इस तरह से सहयोग करने अपील की है।



## युवा नेतृत्व शिविर विद्यार्थियों में अच्छे संस्कार पैदा करते हैं: धोटे

**कोरपना.** महात्मा गांधी जूनियर कॉलेज, गडचांदुर के राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग द्वारा कोरपना तालुका के वडगांव में एक युवा नेतृत्व शिविर का आयोजन किया गया था। पूर्व विधायक एवं गडचांदुर शिक्षा प्रसारण मंडल के अध्यक्ष सुभाष धोटे ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों में अच्छे संस्कार पैदा कर समाज के लिए आदर्श नेतृत्व तैयार करने का उद्देश्य पूरा हो रहा है.

वह शिविर के उद्घाटनकर्ता के रूप में बोल रहे थे। उपाध्यक्ष विठ्ठल थीपे, सचिव धनंजय गोरे, प्राचार्य साईनाथ मेश्राम, उपप्राचार्य प्रफुल्ल माहुरे, उपसरपंच सुदर्शन डावरे, तंटामुक्त समिति के अध्यक्ष श्रीराम भोंगले, स्कूल समिति के अध्यक्ष मुकेश निमकर, उपाध्यक्ष प्रियंका उरकुडे, भास्कर तुरनकर, कैलाश मेश्राम, वसंता गोरे, काकासाहेब नागरे, राहुल गाडवे सहित ग्राम के नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. आशीष डेरकर ने किया, परिचयात्मक भाषण प्राचार्य साईनाथ मेश्राम ने किया और धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक प्रो. प्रदीप परसुटकर का मानना था.

## बहन से मिलकर लौट रहे भाई की हादसे में मौत

**आष्टी:**




चामोर्शी तालुका के कन्नालगांव के पास एक मालवाहक जीप की दोपहिया वाहन से टक्कर हो गई. इसमें बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना 25 दिसंबर की शाम की है. वह अपनी बहन से मिलकर लौट रहा था. हालाँकि, यह घटना उसकी बहन की आखिरी मुलाकात साबित हुई।

मृतक की पहचान रवि गुरुदास मडावी (27) और घायल का नाम नितेश गोपीचंद सिड्डाम (मलकापुर, चामोर्शी) है। रवि मडावी की बहन जामगिरी में रहती है. उससे मिलने के बाद वह नितेश सिड्डाम के साथ दोपहिया वाहन (एमएच 33 ईएल-7034) पर मलकापुर जा रहा था। रास्ते में कन्नालगांव के पास उनकी बाइक को एक मालवाहक जीप (एमएच 40 बीएल- 1223) ने टक्कर मार दी। रवि की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नितेश गंभीर रूप से घायल हो गया। जीप चालक ने दोनों को चामोर्शी ग्रामीण अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद रवि को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल नितेश को आगे के इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।





## उप दूल्हा-दूल्हन परिचय सम्मेलन में शादी कर समाज के सामने मिसाल कायम करें: सांसद धानोरकर

### परिचय सम्मेलन एवं किसान सम्मेलन का भव्य उद्घाटन

**चंद्रपुर.**

सांसद प्रतिभा धानोरकर ने 27 दिसंबर 2024 को चंद्रपुर के चांदा क्लब मैदान में धनोजे कुनबी समाज द्वारा आयोजित उप दूल्हा-दुल्हन परिचय सम्मेलन और कृषि सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस उद्घाटन समारोह में सांसद धानोरकर ने समाज की भूमिकाओं को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत करने की महती आवश्यकता जताई. उन्होंने कहा कि भविष्य में होने वाले परिचय सम्मेलनों में केवल परिचय ही नहीं बल्कि विवाह भी शामिल होना चाहिए, ताकि समाज में एक आदर्श बने।

कृषि मेले के संबंध में उन्होंने किसानों को आधुनिक तकनीक पर मार्गदर्शन लेने के लिए प्रेरित किया तथा सभी से तीन दिवसीय महोत्सव में भाग लेने की अपील की. उद्घाटन के अवसर पर समुदाय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सांसद धानोरकर ने कहा, "समुदाय ने मुझे बहुत कुछ दिया है, और मैं हमेशा आभारी हूं।"

इस अवसर पर विधायक देवराव भोंगले, विधायक संजय डेरकर, धनोजे कुनबी समाज अध्यक्ष एडवोकेट. पुरूषोत्तम सातपुते, मालेकर, डॉ. विजय झाडे, विलास माथनकर, मनोहर पौनकर, राहुल पावड़े, गजानन सातपुते, सुनंदा धोबे, सुनीता लोधिया, उमाकांत धांडे सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## दिबना गांव का युवक हुआ अचानक लापता

**गढ़चिरौली:**

गढ़चिरोली शहर से करीब सात आठ किलोमीटर दूरी पर स्थित दिबना गांव का एक व्यक्ति पुरूषोत्तम तड़कू ज़राते उम्र 26 वर्ष जो दोपहर करीब 12 बजे बिना किसी को कुछ बताए अपने घर से चला गया। चूंकि लापता हुआ यह व्यक्ति अभी तक घर नहीं लौटा है, इसलिए गांव और इलाके में उसकी तलाश करने के बाद उसके परिवार की ओर से गढ़चिरौली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई है. गढ़चिरौली पुलिस आगे की जांच कर रही है।

## अवैध शराब का परिवहन करते हुए एक व्यक्ति गिरफ्तार

**गढ़चिरोली:** एक मुखबिर से मिली गुप्त सूचना के आधार पर गढ़चिरौली पुलिस ने आज शहर के गढ़चिरौली से मूल रोड पर महाराष्ट्र होटल के सामने जाल बिछाकर शराब तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था.



आरोपी का नाम भजन सिंह मोरभीम सिंह टाक (23) निवासी कावड़शिदेश तहसिल चिमूर जिला चंद्रपुर है। आरोपी के मोटरसाइकिल की तलाशी लिए जाने पर उसके पास से कुल 44 शराब की बोतलें मिलीं। आरोपियों के पास से जप्त की गई शराब की अनुमानित कीमत 6560 रुपये और 30 हजार 650 रुपये की मोटरसाइकिल जब्त की गयी. पुलिस अधिकारी तुषार खोबरागड़े की शिकायत पर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए मामला दर्ज किया गया. इस मामले में आगे की जांच पुलिस कर्मी स्वप्निल कूड़ावले कर रहे हैं.

## पेसा से ग्रामसभा की समृद्धि हो: विकास राचेलवार

### > बीबी में पेसा महोत्सव संपन्न

**कोरपना.**



पेसा अधिनियम आदिवासी समुदायों के अधिकारों की सुरक्षा और उनके विकास के लिए एक प्रभावी उपकरण है। यदि ग्रामसभा सशक्त हो तो गांव का सर्वांगीण विकास हो सकता है। एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना चंद्रपुर के परियोजना अधिकारी विकास राचेलवार ने पेसा कानून का महत्व बताते हुए ग्राम सभा को मजबूत करने की अपील की.

पेसा दिवस कार्यक्रम कोरपना तालुका के जिला स्मार्ट गांव, बीबी में आयोजित किया गया था। राचेलवर कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता के तौर पर बोल रहे थे. पंचायत समिति कोरपना के समूह विकास अधिकारी विजय पेंदाम, कार्यक्रम के अध्यक्ष सरपंच माधुरी टेकाम, मुख्य अतिथि उपसरपंच आशीष डेरकर, अल्ट्राटेक सीमेंट वेलफेयर फाउंडेशन के प्रबंधक प्रतीक वानखेड़े, बीबी पुलिस पाटिल राहुल असुतकर, पुलिस पाटिल प्रवीण आडे, पेसा जिला प्रबंधक मनीष गणवीर , तालुका प्रबंधक पंकज साखरकर, विस्तार अधिकारी पंढरीनाथ गेडाम, प्रशांत दुर्योधन, ग्राम पंचायत अधिकारी धनराज डुकरे, प्रधानाध्यापक अनंत रासेकर, उन्मेद के तालुका प्रबंधक भगत सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

परियोजना अधिकारी विकास राचेलवार ने ग्रामीणों को पेसा कानून के बारे में विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उपसरपंच आशीष डेरकर ने परिचय में एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना अधिकारी राचेलवार को ठक्कर बप्पा आदिवासी उपयोजना शबरी आदिवासी घरकुल योजना के साथ-साथ व्यक्तिगत लाभ योजना की मंजूरी देने की मांग की. इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## भालू के हमले में किसान गंभीर रूप से घायल



**कोरेगांव:** देसाईगंज तालुका के चोप में जंगल में लकड़ी इकट्ठा करने गए एक किसान पर भालू ने हमला कर दिया. घटना 27 दिसंबर दोपहर 3 बजे की है. घायल व्यक्ति की पहचान वामन दाजीबा मेश्राम उम्र 61 वर्ष निवासी चोप के रूप में की गई है। वे गांव के लिए जलाऊ लकड़ी इकट्ठा करने के लिए कसारी वन उप-क्षेत्र के जंगल में गए थे। जलाऊ लकड़ी इकट्ठा करते समय एक भालू ने उन पर हमला कर दिया। इस दौरान उनके जान बचने के लिए चिल्लाने पर भालू ने जोर से झपट्टा मारा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उन्हें इलाज के लिए देसाईगंज ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया है. वन परिक्षेत्र अधिकारी कैलाश ढोंडाने, परिक्षेत्र सहायक कीर्तिचंद कराड़े ने घटनास्थळ का पंचनामा किया।

## अनाज भंडारण के लिए गोडाउन का अभाव

### > खुले में पड़ा हैं किसानों के माल की बोरियां

**मुल.**




धान की कटाई पूरी हो चुकी है, तथा मड़ाई लगभग पूरी हो चुकी है. इसलिए कृषि उपज बाजार समिति में धान की आवक बढ़ गई है. बाजार में गोडाऊन के अभाव के चलते धान की बोरीयां खुले में रास्ते पर रखी गई हैं.

पिछले साल भी ऐसी ही परिस्थितियों में भयंकर तूफान आया था, जिसमें हजारों बोरी धान भीगकर बर्बाद हो गया था. इसके लिए कौन जिम्मेदार है? ऐसी परिस्थितियों के कारण कई छोटे किसान अपना अनाज गांव स्तर पर कम कीमत पर बेच देते हैं. अब 28 और 29 दिसंबर को मौसम विभाग ने महाराष्ट्र और विदर्भ में बारिश दर्ज की है. लगता है कि पिछले बार की तरह ही परिस्थित निर्माण होने का चित्र दिख रहा है. व्यापारियों का कहना है कि उनके पास अनाज के भंडारण के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं, इसलिए माल वापस लेकर जाए अन्यथा खुले में रखा जायेगा ऐसी सूचना देकर भी किसान अपने धान के लिए चार पैसे अधिक भाव मिलने के उद्दशे से माल खूले में रखने के लिए तैयार है. परिणामस्वरूप, उन्हें प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ता है.

मौजूदा हालात को देखते हुए क्षेत्र के किसान प्रशासन से किसानों के धान की बोरियों के भंडारण की व्यवस्था करने की मांग कर रहे हैं.



# महेश बाबू के साथ रोमांस करेंगी प्रियंका





बॉलीवुड की उन अदाकाराओं में से एक हैं जिनका फैंस लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं. फैंस जानना चाहते हैं कि प्रियंका चोपड़ा बॉलीवुड में दोबारा कब वापसी करेंगी. हाल ही में प्रियंका चोपड़ा ने अपने फैंस के इस सवाल का जवाब दिया था. प्रियंका चोपड़ा ने दावा किया था कि वो इस समय कई प्रोजेक्ट्स में काम करने के बारे में सोच रही हैं. जल्द ही वो अपने फैंस को खुशखबरी देने वाली हैं. इसी बीच प्रियंका चोपड़ा को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है. खबर है कि प्रियंका चोपड़ा का नाम एक बड़े मेगा प्रोजेक्ट के लिए फाइनल हो गया है. इस प्रोजेक्ट के जरिए प्रियंका चोपड़ा बाहुबली डायरेक्टर एसएस राजमौली के साथ काम करने वाली हैं.

एक रिपोर्ट की मानें तो राजमौली की इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा साउथ शुपरस्टार महेश बाबू के साथ रोमांस करती नजर आएंगीं. प्रियंका चोपड़ा की ये फिल्म पैन वर्ल्ड जंगल एडवेंचर होगी. इस समय फिल्म की कहानी पर तेजी से काम चल रहा है. माना जा रहा है कि जल्द ही इस फिल्म की कहानी का काम खत्म हो जाएगा. साल अप्रैल 2025 में इस फिल्म की शूटिंग शुरू होनी है. इस फिल्म के लिए एसएस राजमौली को एक ऐसी अदाकारा का नाम चुनना था जो कि ब्लोबली फेमस हो. ऐसे में राजमौली ने प्रियंका चोपड़ा को इस रोल के लिए चुना.बीते 6 महीनों में एसएस राजमौली कई बार प्रियंका चोपड़ा से मुलाकात कर चुके हैं. अब जाकर राजमौली और प्रियंका चोपड़ा ने इस फिल्म को लेकर हामी भरी है. इस खबर ने राजमौली और प्रियंका चोपड़ा के फैंस का दिल खुश कर दिया है. फैंस को लग रहा है कि प्रियंका चोपड़ा की ये फिल्म पुष्पा 2 को भी मात दे सकती है क्योंकि इस फिल्म में महेश बाबू भी नजर आने वाले हैं.


# इस फिल्म के लिए कार्तिक ने मांगी तगड़ी रकम



हॉरर कॉमेडी फिल्म 'भूल भुलैया 3' के हिट होने के बाद से ही बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन के सितारे बुलंदियों पर हैं. हाल तो ये है कि कार्तिक आर्यन के दुश्मन भी उनके साथ काम करने के लिए मरे जा रहे हैं. बॉलीवुडवालों को भी समझ आ चुका है कि कार्तिक आर्यन आम जनता की पसंद हैं. हर किसी को स्टार किड्स देखने में मजा नहीं आता. तभी तो बलीवुड के जानेमाने प्रोड्यूसर करण जौहर ने अपनी स्ट्रैटेजी में बदलाव किए हैं. हाल ही में करण जौहर ने ऐलान किया है कि वो कार्तिक आर्यन के लिए एक फिल्म बनाने वाले हैं. कुछ समय पहले ही कार्तिक आर्यन ने अपनी आगामी फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरा का एनाउंसमेंट किया है. इसी बीच कार्तिक आर्यन को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है. करण जौहर के साथ काम करने के लिए कार्तिक आर्यन ने तगड़ी रकम वसूली है. खबरों की मानें तो फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरा में काम करने के लिए कार्तिक आर्यन ने 50 करोड़ रुपए चार्ज किए हैं. इस खबर ने कार्तिक आर्यन के फैंस के बीच खलबली मचा दी है. अब ये तो हर कोई जानता है कि करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस के हालात इस समय खराब ही चल रहे हैं. ऐसे में करण जौहर ने भी कार्तिक आर्यन की हर शर्त को मानने में ही भलाई समझी है. माना जा रहा है कि कार्तिक आर्यन की ये फिल्म साल 2026 में रिलीज होने वाली है. इस फिल्म को लेकर करण जौहर को काफी उम्मीदें हैं. लोगों को तो अब भी इस बात का यकीन नहीं हो रहा है कि करण जौहर ने कार्तिक आर्यन के साथ अपनी दुश्मनी कैसे खत्म कर ली. एक समय ऐसा भी था जब करण जौहर ने बहुत बुरी तरह से कार्तिक आर्यन को टारगेट किया था. उस समय लोग कार्तिक आर्यन को दूसरा सुशांत सिंह राजपूत बताने लगे थे.

# 'बेबी जॉन' का हिस्सा बन पछता रही हैं कीर्ति

वरुण धवन, कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी की मुख्य भूमिकाओं वाली बॉलीवुड एक्शन ड्रामा 'बेबी जॉन' को लेकर चर्चा चरम पर थी। एटली ने इसे क्रिसमस के अवसर पर रिलीज करने का फैसला किया, जिससे इसे छुट्टियों का फायदा मिल सके। हालांकि, फिल्म की कमाई निर्माताओं की चिंता बढ़ाने वाली है। कलेक्शन को देख साफ हो रहा है कि 'बेबी जॉन' जल्द ही फ्लॉप की सूची में शुमार हो जाएगी। जानकारी हो कि कीर्ति सुरेश ने इसके साथ अपना बॉलीवुड डेब्यू किया है और जाहिर सी बात है कि कारोबार को देख उन्हें अपने फिल्म के चयन पर निराशा होना लाजमी है।कलीस के निर्देशन में बनी फिल्म 'बेबी जॉन' में सलमान खान का



भी कैमियो है। हालांकि, इतना मसाला और एक्शन भी फिल्म के कमजोर निर्देशन को बचा पाने के लिए काफी नहीं रहा है। 'बेबी जॉन' ने अपने रिलीज डे पर महज 11.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया और दूसरे दिन ही इसकी कमाई में 57.78 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। फिल्म का दूसरे दिन का कलेक्शन महज 4.75 करोड़ रुपये रहा। तीसरे दिन की कमाई निर्माताओं की चिंता बढ़ाने के लिए काफी थी। कारोबार में दूसरे दिन के मुकाबले 24.42 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई और इसका शुक्रवार तक का टोटल महज 19.64 करोड़ रुपये ही हो पाया।

# न्यू ईयर पार्टी में सितारों का मेला

शुक्रवार रात फेमस फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के घर सितारों का मेला लगा था. दरअसल मनीष ने नए साल से पहले अपने घर पार्टी होस्ट की थी जिसमें बी टाउन के तमाम सेलेब्स पहंचे थे. इस दौरान लव बर्ड्स तमन्ना और विजय सारी लाइमलाइट बटोरते हुए नजर आए.

मनीष की पार्टी में जैकलीन फर्नांडीज भी पहुंची थीं. इस दौरान जैकलीन प्रिंटेड ब्लैक ड्रेस में काफी स्टाइलिश दिख रही थीं. फातिमा सना शेख भी पार्टी में स्पॉट की गईं. फातिमा इस दौरान व्हाइट शर्ट के साथ मल्टीकलर वाली मिनी स्कर्ट में बेहद प्यारी लग रही थीं. वाणी कपूर पार्टी में ऑल ब्लैक लुक में पहुंची थीं. वाणी ने पैप्स के लिए भी खूब तस्वीरें क्लिक कराईं.


बॉलीवुड की ग्लैमरस दिवा दिशा पटानी भी मनीष मल्होत्री की पार्टी में काफी स्टाइलिश अंदात में पहुंची थीं. दिशा ने चॉकलेट ब्राउन कलर की थाई हाई स्लिट ड्रेस पहनी थी और वे काफी ग्लैमरस लग रही थीं. नुसरत भरुचा इस दौरान व्हाइट कलर की शॉर्ट ड्रेस में स्पॉट की



गई. नुसरत की ड्रेस पर रेड कलर का बड़ा सा स्टार बना था और उन्होंने रेड कलर की हिल्स पहनी थी. इस लुक में नुसरत काफी स्टाइलिश लग रही थीं. रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी भी पार्टी में पहुंची थईं. राशा ब्लैक कलर के फुल स्लीव्स क्रॉप टॉप के साथ ब्लैक पैंट में काफी जंच रही थीं. हीरामंडी से फेमस हुए ताहा शाह बदुशा भी काफी डैशिंग लुक में पार्टी में पहुंचे थे. ताहा ने व्हाइट कलर की शर्ट के साथ ब्लैक पैंट पेयर की थी और वे डैपर लग रहे थे. उर्मिला मातोंडकर भी इस दौरान स्पॉट की गईं. उर्मिला पार्टी के लिए व्हाइट कलर की प्रिंटेड ड्रेस पहनकर पहुंची थीं और वे काफी प्यारी लग रही थीं.रवीना टंडन ऑल ब्लैक लुक में पार्टी में पहुंची थीं. एक्ट्रेस ने एक् सटॉल भी नेक में बांधा हुआ थआ. पार्टी में आयुष्मान खुराना अपनी बीवी ताहिरा कश्यप का हाथ थामकर पहुंचे थे. आयुष्मान आल ब्लैक लुक में जंच रहे थे वहीं ताहिरा फुल स्लीव्स टॉप के साथ शॉर्ट स्कर्ट और बूट्स में काफी स्टाइलिश लग रही थीं.

# इस सिंगर पर फूटा हनी सिंह का गुस्सा

सिंगर और रैपर यो यो हनी सिंह इन दिनों नेटफ्लिक्स पर अपनी डॉक्यूमेंट्री को लेकर चर्चा में बने हुए है. इसमें एक्टर ने अपनी पूरी लाइफ की जर्नी दिखाई है कि कैसे वो लोगों के बीच फेमस हुए, इसके बाद उनका डाउनफॉल और बीमारी, सिंगर ने सब कुछ इस डॉक्यूमेंट्री पर बताया है. वहीं हनी सिंह का कई सिंगर्स संग विवाद भी देखने को मिला है. हाल ही में उनका एक मशहूर सिंगर के ऊपर गुस्सा फूटा है और उन्होंने आरोप लगाया कि उस सिंगर ने उनकी बीमारी का मजाक उड़ाया. हम बात कर रहे हैं रैपर बादशाह कि, हनी सिंह और बादशाह  के बीच लड़ाई सालों पुरानी है. वहीं, पिछले कुछ समय से बादशाह कई बार कह चुके हैं कि वो हनी संग चल रही नाराजगी खत्म करना चाहते हैं. हाल ही में एक लाइव म्यूजिक इवेंट में बादशाह ने कहा- 'मैं एक समय एक व्यक्ति से नाराज था और अब मैं इसे खत्म करना चाहता हूं. मैं कुछ गलतफहमियों के चलते



नाराज था, लेकिन जब हम साथ थे तो जोड़ने वाले लोग कम थे. मैं उस दौर को पीछे छोड़ चुका हूं.' वहीं, अब हनी ने भी बादशाह संग चल रहे झगड़े पर चुप्पी तोड़ी है.हनी ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में दुश्मनी खत्म करने की बात को खारिज कर दिया. सिंगर ने कहा- 'लड़ाई हमेशा दो लोगों के बीच में होती है, लेकिन पिछले 10 साल से वह आदमी मेरे बारे में उल्टा-सीधा बोलता रहा, उसने मेरे खिलाफ गाने बनाए लेकिन मैंने कभी जवाब नहीं दिया. मैं जब बीमार था तो उसने मेरा और मेरी बीमारी का मजाक उड़ाया और लगातार मेरे बारे में बोलते हुए गाने बनाए.

# कैटरीना ने कही दिल की बात

बीती रात उनकी बहन अर्पिता खान ने भाईजान के बर्थडे के खास मौके पर एक शानदार पार्टी रखी थी, जहां बॉलीवुड के कई सेलेब्स भी मौजूद रहे. सलमान खान के बर्थडे सेलिब्रेशन का एक इनसाइड वीडियो भी सामने आया है, जो कि सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है. इस वीडियो में सलमान अपनी भांजी आयत के साथ केक कट करते हुए नजर आ रहे हैं. इस दौरान सलमान की एक्स गर्लफ्रेंड यूलिया वंतूर भी नजर आईं.



सलमान खान के जन्मदिन पर उनके फैंस के बीच एक अलग ही क्रेज देखने को मिलता है. उनके तमाम चाहने वाले फैंस सोशल मीडिया पर उन्हें अलग-अलग तरीके से बधाई देते दिख रहे हैं. इसी बीच कैटरीना कैफ ने भी भाईजान को एक पोस्ट के जरिए बर्थडे विश किया है और अपनी दिल की बात कही है. इस वक्त कैटरीना कैफ का भाईजान के लिए किया गया ये पोस्ट सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रहा है. जानिए एक्ट्रेस ने अपने पोस्ट में क्या लिखा है.

कैटरीना कैफ ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर सलमान खान की एक तस्वीर शेयर की है. इस तस्वीर में सलमान खान एक्शन मूड में नजर आ रहे हैं . उनकी ये तस्वीर किसी फिल्म के सीन का लग रहा है. वहीं सलमान खान की इस तस्वीर को शेयर करते हुए कैटरीना कैफ ने कैप्शन में लिखा है- 'हैप्पी बर्थडे सलमान खान. मैं दुआ करती हूं कि इस साल आपके पास सारी खूबसूरत चीजें हो और वो हमेशा आपके साथ ही रहें.' इसके साथ ही कैटरीना ने हार्ट इमोजी भी शेयर किया है. कैटरीना के इस पोस्ट को देख उनके फैंस का दिल गदगद हो गया है.

# हिना खान ने कैंसर की जंग में चुना एक विकल्प!

टीवी एक्ट्रेस हिना खान इस समय गहरे दर्द में हैं। जब से उन्हें अपने कैंसर के बारे में पता चला है वह एक बड़े ट्रॉमा से गुजर रही हैं। एक्ट्रेस अक्सर अपनी कैंसर से लड़ रही जंग के बारे में फैंस को बताती रहती हैं। उनके फैंस भी हिना के हर अपडेट का इंतजार करते रहते हैं। इन दिनों उनके फैंस काफी खुश हैं क्योंकि हिना इन दिनों अबू धाबी में क्रिसमस और नया साल मना रही हैं। वह हर दिन अपना आखिरी दिन समझ कर जी रही हैं। हिना खान ने ऐसे में एक पोस्ट शेयर किया है जिसमें उन्होंने हिंट दिया है कि वह कैंसर के बारे में क्या सोच रही हैं। फैंस हिना खान को सपोर्ट कर रहे हैं। हिना खान अपनी जिंदगी के बारे में हर चीज अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनके दिल में क्या है वह कैंसर के बारे में क्या सोचती हैं सब पोस्ट में लिखती है। इस बार उन्होंने कैंसर की जंग में मौत और जिंदगी में से अब एक विकल्प चुन लिया है। लेटेस्ट पोस्ट में हिना ने साहस और शक्ति के बारे में बताया है। साथ ही हिना पोस्ट में रेत पर चलती हुई नजर आ रही हैं। पीछे गाना चल रहा है, "कर हर मैदान फतह..."। हिना के पोस्ट में उन्होंने लिखा, "जब साहस और शक्ति का मिलन होता है।" हिना का



गाना सुन और जो उन्होंने लिखा है उसे देखकर फैंस कह रहे हैं कि अब हिना खान 2025 में कैंसर का डटकर सामना करने को तैयार हैं। वह कैंसर के आगे झुकने वाली नहीं हैं। उनका 2024 जितना ही खराब क्यों न रहा हो, लेकिन वह अपना 2025 शानदार तरीके से और स्वस्थ होकर जीना चाहती हैं।

# वेलवेट साड़ी पहने दिव्यांका ने ढाया कहर

दिव्यांका त्रिपाठी टीवी का पॉपुलर चेहरा है. एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव हैं. जहां उन्होंने हाल ही में अपने भाई की शादी की वीडियोज और फोटोज शेयर की हैं. इन तस्वीरों में एक्ट्रेस का देसी लुक देखने को मिला है. दिव्यांका त्रिपाठी ने अपने भाई की शादी की तस्वीरें और वीडियोज अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की. जिसमें एक्ट्रेस ट्रेडिशनल लुक में नजर आई. दिव्यांका ने भाई की शादी में रेड कलर की वेलवेट साड़ी पहनी थी. जिसमें साथ उन्होंने हैवी ज्वेलरी कैरी की है. एक्ट्रेस का ये लुक फैंस खूब पसंद कर रहे हैं. एक्ट्रेस ने अपना लुक ग्लोसी मेकअप, खुले कर्ली बाल , हाथों में मेहंदी और गोल्ड के कंगन पहनकर पूरा किया. तस्वीरें शेयर कर एक्ट्रेस ने लिखा, 'रेड वेलवेट केक..' वहीं इससे पहले एक्ट्रेस क्रिसमस का जश्न मनाते हुई दिखाई दी थी. इस दौरान वो वेस्टर्न लुक में नजर आई थी. क्रिसमस पर दिव्यांका ने डेनिम की लॉन्ग ड्रेस पहनी थी. तस्वीरों में वो अपने पति के साथ मस्ती करती दिखी थी. दिव्यांका अपने खास दोस्तों के साथ सेल्फी लेती दिखी. उनकी ये फोटोज भी काफी वायरल हो रही हैं. दिव्यांका त्रिपाठी ने अपना करियर टीवी शो 'बनूं मैं तेरी दुल्हन' से शुरू किया था. इसके बाद उनका शो 'ये है मोहब्बतें' भी खूब हिट रहा था.



# फॉलो ऑन पार, 300 पार...

## नितीश कुमार के शतक पर पिता भावुक हुए

**नई दिल्ली.**

28 दिसंबर, 2024 मुत्याला रेड्डी के जीवन में हमेशा के लिए एक अविस्मरणीय दिन रहेगा, क्योंकि उनके बेटे नितीश कुमार रेड्डी ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर बॉक्सिंग डे टेस्ट के तीसरे दिन नाबाद 105 रन बनाकर भारत के लिए मुश्किल परिस्थिति में हीरो बनकर खड़े हुए। जब नितीश ने स्कॉट बोलैंड की गेंद पर 171 गेंदों में अपना पहला टेस्ट शतक जड़ा, तो स्टैंड में बैठे मुत्याला की आंखों में आंसू थे और उन्होंने अपने आस-पास के सभी लोगों से बधाई मिलने पर दिल से हाथ जोड़कर भगवान का शुक्रिया अदा किया।अपने नाबाद 105 रन के ज़रिए रेड्डी एमसीजी में अपना पहला टेस्ट शतक बनाने वाले दूसरे भारतीय हैं, इससे पहले 1948 में वीनू मांकड़ ने ऐसा किया था। नितीश को अपना पहला टेस्ट शतक बनाते देख मुत्याला के आंसू भी उनके बेटे को भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए किए गए उनके त्याग और प्रयासों को सही साबित करते हैं।



2016 में, मुत्याला विशाखापत्तनम में हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के साथ काम कर रहे थे और उन्हें राजस्थान के उदयपुर में स्थानांतरित किया जाना था। लेकिन युवा नितीश के क्रिकेट करियर को आगे बढ़ाने के लिए, मुत्याला ने अपनी मूल्यवान सरकारी नौकरी से समय से पहले ही रिटायरमेंट ले लिया और घर पर ही रहने लगे। प्रतिष्ठित एमसीजी ने 28 दिसंबर, 2024 को नितीश के यादगार टेस्ट शतक का गवाह बना, जब उन्होंने भारत के शानदार रियरगार्ड एक्ट का नेतृत्व किया, यह एक अविस्मरणीय क्षण था जिसने चुपचाप मुत्याला के त्याग का सम्मान किया। नीतीश का शतक एक ऐसे समय में आया जब भारतीय टीम ने 191 रन पर ही 6 विकेट गंवा दिए थे और फॉलोऑन बचाने के लिए संघर्ष कर रही थी. लेकिन नीतीश ने दिखा दिया कि वो किस मिट्टी के बने हैं. इससे पहले उनके सेलेक्शन पर ही सवाल उठ रहे थे. मेलबर्न टेस्ट के प्लेइंग ग्यारह में होने पर कई क्रिकेट एक्सपर्ट ने सवाल उठाए थे. नीतीश ने एक अहम समय में शतक लगाकर ना सिर्फ उनको जवाब दिया. इसके अलावा उन्होंने पिता पर सवाल उठाने वालों और ताना मारने वालों रिश्तेदारों की भी बोलती बंद कर दी. इस तरह उन्होंने सालों पुराना बदला भी पूरा किया.

**खेल के तीसरे दिन भारतीय टीम की दमदार वापसी**

बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के तीसरे दिन टीम इंडिया की जबरदस्त वापसी मानी जा सकती है। टीम इंडिया ने दिन की समाप्ति तक 9 विकेट पर 358 रन बना लिए हैं। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के पास अभी 116 रनों की लीड है, लेकिन एक समय ऐसा था जब भारतीय टीम पर फॉलोऑन का खतरा मंडरा रहा था। ऐसे में भारतीय टीम ने मेलबर्न टेस्ट के तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर दी। इसी वजह से अब मैच रोमांचक हो गया है।

वॉशिंगटन सुंदर के बल्ले से इस पारी में महत्वपूर्ण रन देखने को मिले. उन्होंने 9वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 162 गेंदों का सामना किया और 50 रन बनाए. वॉशिंगटन सुंदर ने अपनी इस पारी में सिर्फ 1 चौका ही जड़ा, जो बताता है कि उन्होंने कितना संभलकर बल्लेबाजी की. इसी के साथ वह ऑस्ट्रेलिया में नंबर 9 पर खेलते हुए अर्धशतक जड़ने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बने. वहीं, 16 साल बाद किसी भारतीय बल्लेबाज ने ऑस्ट्रेलिया में नंबर 9 पर खेलकर अर्धशतक लगाया. इससे पहले हरभजन सिंह ने 2008 में दो बार ऐसा किया था. वहीं, 1991 में मेलबर्न में किरण मोरे ने भी इसी नंबर पर खेलते हुए अर्धशतक लगाया था.

**फैंस ने पार की बदतमीजी की हदें**

अक्सर ही क्रिकेट मैच के दौरान दर्शकों का जोश हाई होता है. फैंस कभी विकेट गिरने पर बेहद उत्साहित नजर आते हैं तो कभी बाउंड्री लगने पर जश्न मनाते हैं. कई मौकों पर फैंस ऐसी हरकतें भी कर देते है जो सुर्खियों का हिस्सा बन जाती है. लेकिन मेलबर्न टेस्ट के दौरान फैंस ने बदतमीजी की सारी हदें पार कर दी. यहां फैंस ने कॉन्डम के गुब्बारे उड़ा दिए. हजारों लोग इस दौरान मैच छोड़कर कॉन्डम बैलून देखने लगे.

**शतक के लिए दुआएं करने लगे दर्शक**

नीतीश रेड्डी जब अपने पहले शतक की ओर बढ़े तब अचानक विकेट गिरने शुरू हो गए. एक पल के लिए लगा जैसे वो शतक से चूक जाएंगे और टीम इंडिया पहले ही ऑल आउट हो जाएगी. फिर स्टेडियम में मौजूद हर कोई उनके लिए दुआएं करने लगा. रोमांच के बीच मेलबर्न हीरो ने चौका जड़कर अपना शतक पूरा किया. बता दें पहले नीतीश ने वॉशिंगटन सुंदर के साथ मिलकर शतकीय साझेदारी करके फॉलोऑन बचाया. उनके आउट होने पर भी वो टिके रहे और टीम इंडिया के सिर से हार का खतरा कम किया. अब भारतीय टीम 9 विकेट के नुकसान पर 358 रन बना चुकी है और ऑस्ट्रेलिया से 116 रन पीछे है. वहीं नीतीश रेड्डी 176 गेंद में 105 रन बनाकर नाबाद हैं. उनके साथ सिराज भी 7 गेंद में 2 रन बनाकर नाबाद लौटे हैं.

# महा मेट्रो नागपुर मैराथन 5 जनवरी को





नागपुर. महा मेट्रो नागपुर मैराथन 5 जनवरी 2025 को इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस कॉलेज प्रेस क्लब के सामने सिविल लाइंस में आयोजित की जा रही है. मैराथन अलग-अलग श्रेणियों 3 किलोमीटर, 5 किलोमीटर, 10 किलोमीटर, 21 किलोमीटर, 42 किलोमीटर में होगी. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस होंगे. मैराथन में देशभर के प्रशिक्षित एथलीट हिस्सा लेंगे. विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं के लिए ट्रॉफी और अन्य आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं. रेस डायरेक्टर मीतेश रंभिया ने बताया कि सभी रेस श्रेणियों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण किए जा सकते हैं. पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 दिसंबर है.

## कराटे में पहचान बना रही डिम्पल राठौड़

**नई दिल्ली.**

मौजूदा दौर में बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। खेल के क्षेत्र में भी वे पीछे नहीं है। राजस्थान मूल की डिम्पल राठौड़ कराटे में अपनी पहचान बना रही है। वह अब तक तीन दर्जन प्रतियोगिता में हिस्सा ले चुकी है और 25 मेडल अपने नाम कर लिए हैं।डिम्पल राठौड़ 13 से 17 दिसंबर 2024 तक कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन की मेजबानी में दिल्ली

# चैंपियंस ट्रॉफी पर भारत के लिए बुरी खबर




**नई दिल्ली.**

भारत के स्टार खिलाड़ी हार्दिक पंड्या ने टीम इंडिया को इस साल टी-20 वर्ल्ड कप दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी. अब उन पर भारत को अगले साल होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी को जिताने का जिम्मा भी होगा. हालांकि इससे पहले हार्दिक को वनडे फॉर्मेट में खुद को साबित करने की जरूरत होगी. इससे वे टीम इंडिया के स्क्वाड में देखने को मिल सकते है. हार्दिक ने इस दिशा में अपने कदम बढ़ा दिए हैं. हालांकि 14 महीने बाद वनडे फॉर्मेट में लौटते ही हार्दिक पहले ही मैच में फ्लॉप रहे हैं. बल्ले से हार्दिक कोई कमाल नहीं कर पाए और बुरी तरह फ्लॉप हो गए. जबकि उनके भाई क्रुणाल का हाल भी ऐसा ही हुआ.हाल ही में हार्दिक पंड्या ने घरेलू टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में हिस्सा लिया था. ये टूर्नामेंट टी-20 फॉर्मेट में खेला गया था. वहीं अब हार्दिक पंड्या विजय हजारे ट्रॉफी में नजर आ रहे हैं. ये टूर्नामेंट वनडे फॉर्मेट में खेला जा रहा है. इसके जरिए हार्दिक ने 14 महीने बाद 50 ओवर फॉर्मेट में वापसी की. लेकिन उनका कमबैक सफल नहीं रहा. बड़ौदा और बंगाल के बीच खेले जा रहे विजय हजारे ट्रॉफी के एक मुकाबले में हार्दिक पंड्या 2 गेंदों में सिर्फ 1 रन बनाकर चलते बने. उन्हें बंगाल के गेंदबाज प्रदीप्ता प्रामाणिक ने आउट किया.इस मैच में अपने बल्ले से रंग बिखेरने में ना सिर्फ हार्दिक पंड्या फेल रहे, वहीं उनके बड़े भाई क्रुणाल पंड्या का बल्ला भी खामोश रहा. जहां हार्दिक ने सिर्फ एक रन बनाया तो वहीं क्रुणाल सिर्फ 3 रन पर आउट हो गए. खास बात यह रही कि हार्दिक को आउट करने वाले प्रदीप्ता ने ही क्रुणाल का भी शिकार किया. हार्दिक और क्रुणाल के फ्लॉप प्रदर्श के चलते बड़ौदा 50 ओवर भी नहीं खेल पाई और 49वें ओवर में 228 रनों पर ढेर हो गई. हार्दिक पंड्या ने आखिरी वनडे इंटरनेशनल मैच 2023 के वर्ल्डकप में 19 अक्टूबर को बांग्लादेश के खिलाफ खेला था. तब उन्हें चोट लग गई थी. इसके बाद से उन्होंने कोई वनडे मैच नहीं खेला. हालांकि अब 14 माह बाद हार्दिक की घरेलू टूर्नामेंट के जरिए 50 ओवर के फॉर्मेट में वापसी हुई. लेकिन ये वापसी कामयाब नहीं हो पाई.

# अर्शदीप सिंह ने विजय हाजरे ट्रॉफी में मचाया गदर

**अहमदाबाद.**

भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार खिलाड़ी अर्शदीप सिंह इन दिनों घरेलू क्रिकेट में धूम मचा रहे हैं। विजय हजारे ट्रॉफी में पंजाब की तरफ दमदार गेंदबाजी करते हुए अर्शदीप ने मुंबई की हवा निकाल दी। अर्शदीप सिंह ने पंजाब के लिए पांच विकेट हासिल किए। उन्होंने अपनी टीम के लिए 10 ओवर की गेंदबाजी की, जिसमें सिर्फ 38 रन खर्च किए। अर्शदीप सिंह की घातक गेंदबाजी के आगे मुंबई के धुरंधर बल्लेबाजों की हालत खराब हो गई। अर्शदीप ने पंजा की तरफ से मुंबई के उन बल्लेबाजों को आउट किया अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए जाने हैं। अर्शदीप ने कप्तान श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे, अंगकृष रघुवंशी और आयुष म्हात्रे का विकेट हासिल हासिल किया। मुंबई के ये पांच ही बल्लेबाज अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से किसी भी गेंदबाज की हालत खराब कर सकते हैं लेकिन, अर्शदीप के आगे उनकी एक नहीं चली।पंजाब के लिए अर्शदीप सिंह ने अपनी गेंदबाजी से ऐसा कहर बरपाया कि मुंबई की टीम ने सिर्फ 28 रनके स्कोर पर अपने 5 विकेट गंवा दिए थे। मुंबई के लिए टॉप-5 बल्लेबाजों में से 4 खिलाड़ी दहाई के आंकड़े को भी नहीं छू पाए। टॉप-5 में सिर्फ कप्तान श्रेयस अय्यर ने 17 रनों का योगदान दिया। इसके अलावा मिस्टर 360 डिग्री के नाम से मशहूर सूर्यकुमार यादव को अपना खाता तक नहीं खोल पाए।हालांकि, निचले क्रम में मुंबई के लिए अथर्व अंकोलेकर ने दमदार बैटिंग की और 66 रनों की पारी खेली।

# राहुल के सुपर टैकल से हरियाणा स्टीलर्स फाइनल में

**ली. राउरकेला.**

अंतिम मिनट में राहुल सेतपाल द्वारा किए गए सुपर टैकल की बदौलत हरियाणा स्टीलर्स ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में शुक्रवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में यूपी योद्धाज को 28-25 से हराकर फाइनल में जगह बना ली है। हरियाणा लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंची है।



अंतिम 30 सेकेंड में हरियाणा 26-25 से आगे थे। वे सुपर टैकल सिचुएशन में थे। गगन गौड़ा का रेड मैच की तस्वीर बदल सकता था। सही वक्त पर सेतपाल ने गगन को सुपर टैकल कर अपनी टीम की जीत पक्की कर दी। हरियाणा के लिए शिवम पटारे ने सात, विनय ने 6 और राहुल ने 5 अंक लिए। यूपी के लिए गगन ने सुपर-10 लगाया। गगन ने पहली रेड पर शादलू का शिकार किया लेकिन विनय ने मल्टीप्वाइंटर के साथ उन्हें रिवाइव करा लिया। इसके बाद यूपी ने लगातार चार अंक लेकर 5-2 की लीड ले ली। शिवम और विनय बाहर थे। फिर शादलू ने बोनस लेने के बाद भवानी को बैकहोल्ड कर स्कोर 4-5 कर दिया। इसके बाद दोनों टीमों को 1-1 अंक मिले। 10 मिनट बाद यूपी 6-5 से आगे थे।ब्रेक के बाद विनय ने डू ओर डाई रेड पर सुमित को बाहर कर स्कोर बराबर किया। इसके बाद संजय ने गगन को लपक हरियाणा को लीड दिला दी। फिर शिवम को डैश कर यूपी ने स्कोर 7-7 कर दिया। इस बीच विनय ने आशू को बाहर कर शिवम को रिवाइव करा लिया। इसके बाद भवानी ने मल्टीप्वाइंटर के साथ यूपी को 9-8 से आगे कर दिया। 17वें मिनट में स्कोर 10-10 था। इस बीच भरत ने सीजन के 100वें रेड प्वाइंट के साथ यूपी को आगे कर दिया। संजय ने हालांकि गगन को लपक कर इसका जवाब दिया। शादलू रिवाइव हो चुके थे। इसके बाद शिवम ने एक अंक लेकर हाफटाइम तक हरियाणा को 12-11 से आगे कर दिया। यूपी के लिए सुपर टैकल आन था।

यूपी इसका लाभ नहीं ले सकी। हरियाणा ने पहला आलआउट ले 17-13 की लीड ले ली। आलइन के बाद हरियाणा ने 1 के मुकाबले दो अंक ले पांच की लीड बनाए रखा। इस बीच शिवम ने महेंदर को आउट कर लीड 6 की कर दी लेकिन शादलू ने गगन के खिलाफ गलती कर दी। फिर यूपी ने लगातार दो अंक लेकर 30 मिनट बाद स्कोर 21-18 कर दिया।

# हॉकी इंडिया लीग की ऐतिहासिक वापसी

## दिल्ली-गोनासिका मैच से होगा आगाज




राउरकेला. हॉकी इंडिया लीग 2024-25 की बहुप्रतीक्षित वापसी शनिवार को दिल्ली एसजी पाइपर्स और गोनासिका के बीच मुकाबले के साथ होने जा रही है। इस लीग में टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ विश्व स्तरीय हॉकी देखने को मिलेगी। राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम आठ पुरुष टीमों की मेजबानी करेगा, जिसका फाइनल 1 फरवरी को खेला जाएगा। वहीं, पहली बार चार महिला टीमें 12 जनवरी से 26 जनवरी तक रांची में एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगी।

पुरुषों की एचआईएल राउरकेला में शुरू होगी। इस प्रतियोगिता का पहला चरण 28 दिसंबर से 18 जनवरी तक चलेगा, जहां सभी 8 टीमें एक-दूसरे के खिलाफ एक बार भिड़ेंगी। इसके बाद 19 जनवरी से शुरू होने वाले दूसरे चरण में टीमों को दो पूल में विभाजित किया जाएगा।

पूल-ए में दिल्ली एसजी पाइपर्स, श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स, सूरमा हॉकी क्लब, वेदांत कलिंगा लांसर्स और पूल बी में गोनासिका, हैदराबाद तूफान, तमिलनाडु ड्रैगन्स, यूपी रुद्रस होगी। प्रत्येक टीम अपने-अपने पूल में दूसरों से भिड़ेगी, जिसमें शीर्ष चार टीमें 31 जनवरी को सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।

दिल्ली एसजी पाइपर्स के कप्तान शमशेर ने कहा कि खिलाड़ी गोनासिका के खिलाफ खेलने को लेकर उत्साहित हैं। हमारी तैयारी बेहद अच्छी रही है। टीम में तालमेल है। इसके लिए कुछ सत्र आयोजित किए गए थे। हमें कोचों द्वारा बनाई गई रणनीति पर अमल करना है। हम मैच दर मैच फोकस करेंगे।

वहीं, गोनासिका के कप्तान मनप्रीत सिंह ने कहा, अभ्यास में जो कुछ सीखा है अब उस पर अमल करने का समय है। लिहाजा हम इन खिलाड़ियों के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे।

# आज फाइनल में हरियाणा स्टीलर्स से भिड़ेंगे पटना पाइरेट्स

**नई दिल्ली.**

रोमांच से भरे दूसरे सेमीफाइनल में तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेट्स ने दबंग दिल्ली केसी को हराते हुए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के फाइनल में जगह बना ली है। बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में शुक्रवार रात को हुए इस मुकाबले में पटना ने दिल्ली को 32-28 से हराया। अब 29 दिसंबर को फाइनल में उसका सामना हरियाणा स्टीलर्स से होगा, जिसने सेमीफाइनल-1 में यूपी योद्धाज को हराया। पटना की जीत में अयान औऱ देवांक (8-8 अंक) के अलावा डिफेंस से शुभम शिंदे (5), अंकित (4) और दीपक (3) का अहम रोल रहा। पटना के डिफेंस ने 9 के मुकाबले 12 अंक लिए। दिल्ली ने देर से ही सही रेडिंग में बेहतर करते हुए 16 के मुकाबले 17 अंक लिए। इसमें आशू (9) और मोहित (7) चमके।

चौथे खिताब के लिए बेकरार पटना की टीम ने शुरुआती 10 मिनट में 8-3 की लीड बना ली थी। देवांक औऱ अयान लगातार अंक ले रहे थे और डिफेंस भी खुलकर खेल रहा था। दूसरी ओर, दिल्ली के रेडर्स और डिफेंडर संघर्ष करते दिख रहे थे। एक समय दिल्ली ने स्कोर 3-4 कर दिया था लेकिन इसके बाद पटना ने लीड दोगुना से अधिक करते हुए दिल्ली के लिए सुपर टैकल आन कर दिया।ब्रेक के बाद पटना ने दिल्ली को आलआउट की ओर धकेला लेकिन मोहित ने सुपर रेड के साथ न सिर्फ उसे बचा लिया बल्कि स्कोर भी 6-9 कर दिया। इस बीच अयान ने गौरव का और देवांक ने आशीष का शिकार कर दिल्ली को आलआउट सिचुएशन में ला दिया। फिर डिफेंस ने आशू को लपक पहले आलआउट के साथ 14-8 की लीड ले ली।आलइन के बाद देवांक लपके गए लेकिन अगली रेड पर अयान ने उन्हें रिवाइव करा लिया। फिर अंकित ने नवीन को लपक स्कोर 16-9 कर दिया। इसके बाद शुभम ने आशू को भी लपक दिल्ली की मुश्किल बढ़ा दी। दिल्ली ने हालांकि डू ओर डाई रेड पर अयान को लपक नुकसान की भरपाई की कोशिश की। बहरहाल, पटना ने 17-10 के स्कोर पर पाला बदला।हाफटाइम के बाद चार मिनट के खेल में दोनों टीमों को 2-2 अंक मिले। पटना ने 7 की लीड बरकरार रखी थी। इस बीच आशू ने डू ओर डाई रेड पर दीपक को बाहर किया। और फिर इसी तरह की रेड पर दिल्ली ने अयान को लपक वापसी के संकेत दिए। हालांकि चार के डिफेंस

# गावस्कर ने पंत को ऑन एयर लगाई फटकार

**मेलबर्न.**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्टर टेस्ट सीरीज के चौथे टेस्ट में दूसरे दिन ही टीम इंडिया खराब बल्लेबाजी के चलते बैकफुट पर नजर आई। वहीं, मेलबर्न में तीसरे दिन सुबह भारत का पहली पारी में स्कोर पांच विकेट के नुकसान पर 191 पर था। इसी दौरान ऋषभ पंत बेहद खराब शॉट खेलकर पवेलियन लौट गए। ये देख पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर बुरी तरह से भड़क गए और अपना आपा खोते हुए पंत को काफी भला-बुरा कहा। इतना ही नहीं गावस्कर ने यहां तक कह दिया किया इसे ऑस्ट्रेलिया के ड्रेसिंग रूम में भगाओ।




ऋषभ पंत के आउट होने का मतलब था कि 191 के स्कोर पर पांच विकेट गंवाकर लड़खड़ा रही थी। जाहिर है भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और विशेषज्ञ सुनील गावस्कर इस घटना को देखकर खुश नहीं थे। उन्होंने टीम को मुश्किल स्थिति में डालने के लिए पंत को ऑन एयर जमकर फटकार लगाई। उनका गुस्सा इतना था कि कमेंट्री के दौरान गावस्कर ने तीन बार इस शॉट को लेकर स्टूपिड कहा।

गावस्कर ने कहा कि स्टूपिड, स्टूपिड, स्टूपिड! आपके पास दो फील्डर हैं और फिर भी आप उस (शॉट) के लिए जाते हैं। आप पिछला शॉट चूक गए और देखिए आप कहां पकड़े गए। आप डीप थर्ड मैन पर पकड़े गए, इससे आपका विकेट गिर गया। भारत ऐसी स्थिति में नहीं, आपको स्थिति को अच्छी तरह से समझना होगा।`

ऐसे बेवकूफी भरे शॉट पर आप यह नहीं कह सकते कि यह आपका स्वाभाविक खेल है। मुझे खेद है। यह आपका स्वाभाविक खेल नहीं है। यह एक बेवकूफी भरा शॉट है और इससे आपकी टीम बुरी तरह से हारती है। गौरतलब है कि ऋषभ पंत का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज में प्रदर्शन काफी खराब रहा है। उन्होंने 4 मैचों में केवल 20 की औसत से 124 रन बनाए हैं।

ऋषभ पंत के आउट होने के बाद गावस्कर का चेहरा देखने लायक था, वह पंत के शॉट सेलेक्शन से बेहद गुस्सा थे।

गावस्कर के पंत को काफी बुरा-भला कहने के बाद हर्षा भोगले ने कमेंट्री के दौरान कहा कि अब इस बारे में ज्यादा चर्चा नहीं करेंगे? इस पर गावस्कर ने कहा कि इसे ऑस्ट्रेलिया के ड्रेसिंग रूम में भगाओ।

CMYK

# राहुल को 1.5 करोड़ का मानहानि नोटिस

## बरी लड़कों के वकील ने लगाया गंभीर आरोप



**नई दिल्ली.** हाथरस केस में रेप के आरोपों से बरी हुए रवि, लवकुश और राम कुमार उर्फ रामू के वकील मुन्ना सिंह पुंढीर ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को 1.5 करोड़ रुपये का लीगल नोटिस भेजा है. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पिछले दिनों हाथरस रेप केस की पीड़िता के परिजनों से मुलाकात की थी. उन्होंने इस मुलाकात का एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था. इस वीडियो में किए गए दावे के आधार पर कांग्रेस सासंद राहुल गांधी को मानहानि का नोटिस दिया गया है.

इस वीडियो में राहुल गांधी ने हाथरस कांड में बरी हो चुके तीन निर्दोष लोगों को गैंगरेप का आरोपी बताया था. इसका विरोध करते हुए बरी लोगों के वकील ने राहुल गांधी को डेढ़ करोड़ रुपये का मानहानि का नोटिस भेजा है. अधिवक्ता मुन्ना सिंह पंढीर ने नोटिस में कहा कि बूलगढ़ी कांड की जांच सीबीआई ने की. इसको लेकर आरोप-पत्र दाखिल कर दिया गया है. तीन आरोपियों को कोर्ट ने बरी कर दिया है.

वकील मुन्ना सिंह पंढीर ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी राजनीति के लिए देश की न्यायिक प्रणाली का अपमान कर रहे हैं. वो अदालत के फैसले पर सवाल उठा रहे हैं. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म उन्होंने लिखा कि हाथरस में रेप पीड़िता के परिवार को घर में बंद रखना और गैंगरेप के आरोपियों का खुलेआम घूमना बाबासाहब के संविधान के खिलाफ है.

### कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी

❑ उनका यह बयान पूरे देश में एक्स के माध्यम से वायरल हो रहा है. वकील मुन्ना सिंह पंढीर ने कहा कि कांग्रेस राहुल गांधी के अपने बयान से अदालत के फैसले के बाद भी उनके मुवक्किलों के कैरेक्टर पर उंगली उठायी है, जो अपराध है. नोटिस की प्राप्ति के पंद्रह दिनों के भीतर उनके तीनों मुवक्किलों को 50-50 लाख रुपये का मुआवजा दें. अन्यथा राहुल गांधी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू की जाएगी.

# सिंह के स्मारक को लेकर खींचतान

**नई दिल्ली.**



पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को शनिवार को सुपुर्द-ए-खाक किए जाने से कुछ घंटे पहले उनके स्मारक को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। सियासी बयानबाजी में कांग्रेस ने भाजपा पर आरोप लगाया जिसके बाद भाजपा ने कांग्रेस को करारा जवाब दिया है और कहा कि कम से कम मनमोहन सिंह के नाम पर गंदी राजनीति का खेल ना खेलें। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उसी स्थान पर मनमोहन सिंह का स्मारक बनाने की संभावना तलाशने के बारे में बात की थी, जहां उनका आज अंतिम संस्कार हुआ। कांग्रेस प्रमुख खड़गे ने कहा, "यह राजनेताओं और पूर्व प्रधानमंत्रियों के अंतिम संस्कार के स्थान पर उनके स्मारक बनाने की परंपरा को ध्यान में रखते हुए है।"

इसे लेकर जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में, केंद्र सरकार ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि डॉक्टर मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए जगह आवंटित की जाएगी, साथ ही उन्होंने कहा कि इस बीच दाह संस्कार और अन्य औपचारिकताएं आगे बढ़ सकती हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने भी भाजपा पर तुरंत हमला बोलते हुए कहा कि लोग यह समझने में असमर्थ हैं कि केंद्र स्मारक के लिए स्थान क्यों नहीं ढूंढ सका, उन्होंने इसे भारत के पहले सिख प्रधानमंत्री का अपमान बताया। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए जगह आवंटित करने के मुद्दे पर कांग्रेस नेता राजेश ठाकुर ने कहा, यह बहुत दुखद है और इस विषय पर कोई राजनीति नहीं की जानी चाहिए... यह निंदनीय है कि देश की सेवा करने वाले प्रधानमंत्री को एक छोटी सी जगह आवंटित नहीं की जा रही है.

# गुणवत्ता पर खरी नहीं उतरीं 111 दवाएं

## कानूनी कार्रवाई शुरू करेगा स्वास्थ्य मंत्रालय

**नई दिल्ली.** दवाओं की गुणवत्ता की जांच के अभियान में नवंबर में 111 दवाएं मानकों पर खरी नहीं पाई गईं। जांच में दो दवाएं नकली मिलीं, जिनके उत्पादकों का कुछ पता नहीं है। इनके नमूने बिहार और गाजियाबाद से लिए गए थे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय अब इस मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू कर रहा है। दवाओं को बाजार से हटाने के निर्देश दिए हैं। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने देशभर में दवा दुकानों से नमूने लिए थे। इनमें से 41 दवाओं के नमूनों की जांच संगठन और केंद्रीय प्रयोगशालाओं में की गई। 70 की जांच राज्य की प्रयोगशालाओं में की गई थी। इनमें गैस, बुखार, सांस की दवाएं शामिल हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया, बिहार और गाजियाबाद में जिन दो दवाओं के नमूने नकली मिले हैं, उन्हें बड़ी कंपनी के नाम पर बनाया गया है। नकली दवाओं के मामले में 10 साल से लेकर उम्रकैद तक की सजा का प्रावधान है। बिहार से पैन-40 नामक गैस की दवा नकली पाई गई है, जिसका बैच नंबर 23443074 है। गाजियाबाद से एमोक्सिसिलिन और पोटेशियम क्लैवुलैनेट टैबलेट (ऑगमेंटिन 625 डीयूओ) का नमूना नकली पाया गया है, जिसका बैच नंबर 824डी054 है।

# सचिन तेंदुलकर को मिला बड़ा सम्मान

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बीच हुआ ऐलान

**नई दिल्ली.**

सचिन तेंदुलकर की गिनती दुनिया के महान बल्लेबाजों में होती है। वह टेस्ट और वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वहीं वह इकलौते ऐसे प्लेयर हैं, जिनके नाम पर 100 शतक दर्ज हैं। अब सचिन तेंदुलकर ने मेलबर्न क्रिकेट क्लब का मानद सदस्य बनने का उसका



निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। इस बात की पुष्टि मेलबर्न क्रिकेट क्लब ने ट्वीट करके की है।

ऑस्ट्रेलिया के सबसे पुराने खेल क्लबों में से एक मेलबर्न क्रिकेट क्लब की स्थापना 1838 में हुई थी। यह खेल के प्रमुख स्थानों में से एक मेलबर्न क्रिकेट मैदान (एमसीजी) के प्रबंधन और विकास के लिए जिम्मेदार है। एमसीसी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया और उसके साथ लिखा कि एक 'आइकन' को सम्मानित किया गया। एमसीसी को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि पूर्व भारतीय कप्तान सचिन तेंदुलकर ने खेल में उनके उत्कृष्ट योगदान को स्वीकार करते हुए मानद क्रिकेट सदस्यता स्वीकार कर ली है।

बता दे कि सचिन तेंदुलकर एमसीजी में सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज है। उनके नाम इस मैदान में पांच टेस्ट मैचों में 44.90 के औसत और 58.69 के स्ट्राइक रेट से 449 रन है। उन्होंने इस मैदान पर एक शतक और तीन अर्धशतक जड़े हैं। इससे पहले 2012 में तेंदुलकर को देश के सर्वोच्च सम्मानों में से एक 'ऑर्डर ऑफ ऑस्ट्रेलिया' से सम्मानित किया गया था। एमसीजी वर्तमान में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की सीरीज के चौथे टेस्ट मैच की मेजबानी कर रहा है।

# अन्ना यूनिवर्सिटी मामले में महिला आयोग सख्त

**चेन्नई.** अन्ना विश्वविद्यालय कैंपस में एक छात्रा से कथित यौन उत्पीड़न का मामला लगातार गरमाता जा रहा है। बढ़ते विरोध को देखते हुए राष्ट्रीय महिला आयोग ने सच सामने लाने के लिए एक जांच समिति का गठन किया है। वहीं, राज्यपाल आरएन रवि भी शनिवार को घटना की जानकारी के लिए विश्वविद्यालय पहुंचे।

अन्ना विश्वविद्यालय में हुई घटना ने पूरे चेन्नई को हिलाकर रख दिया है। तमिलनाडु की राजनीति गरमाने लगी है। यहां एक 19 साल की छात्रा के साथ यौन उत्पीड़न किया गया। मामला तब सामने आया, जब छात्रा ने इसकी पुलिस से खुद शिकायत की थी। शुरू में पुलिस ने केस को हल्के में लिया और कोई कार्रवाई नहीं की। सोशल मीडिया पर केस उछला तब पुलिस हरकत में आई। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

37 वर्षीय आरोपी यूनिवर्सिटी परिसर के पास में बिरयानी बेचता है। महिला आयोग ने यौन उत्पीड़न मामले की जांच के लिए दो सदस्यीय फैक्ट-फाइंडिंग समिति का गठन किया है। समिति को इस मामले की जांच करने, घटना के पीछे के हालात का विश्लेषण करने और अधिकारियों द्वारा उठाए गए कदमों का मूल्यांकन करने का काम सौंपा गया है।

# गुडविल फंड से होगा मंदिरों का जीर्णोद्धार



**नई दिल्ली.**

देशभर के मंदिरों के कायाकल्प के लिए विश्व हिन्दू परिषद ने गुडविल फंड बनाने का निर्णय लिया है. वीएचपी के संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने बताया कि इस फंड का मुख्य उद्देश्य देश के मंदिरों को सरकारी चंगुल से मुक्त करना और मंदिरों को स्वायत्ता प्रदान करना है. उन्होंने कहा कि आगामी 5 जनवरी को विजयवाड़ा से होगा मन्दिरों के सरकारी नियंत्रण से मुक्ति का शंखनाद. मिलिंद परांडे ने कहा कि प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ में इस तरह के गुडविल फंड को लेकर खास चर्चा की जाएगी. उन्होंने कहा कि अब सभी राज्य सरकारों को मंदिरों के नियंत्रण, प्रबंधन और दैनंदिनी कार्यों से स्वयं को अविलंब अलग कर लेना चाहिए क्योंकि उनका यह कार्य हिंदू समाज के प्रति भेदभाव पूर्ण है. उन्होंने कहा कि संतों और हिंदू समाज के श्रेष्ठ लोगों की अगुवाई में आगामी 5 जनवरी से इस संबंध में हम एक देशव्यापी जन जागरण अभियान को प्रारम्भ करने जा रहे.

# नए साल को लेकर मुंबई में 14 हजार पुलिसकर्मी तैनात



**मुंबई.** पूरे देश में नए साल के स्वागत की तैयारियां जोरों पर हैं। नए साल के उत्सव को देखते हुए मुंबई पुलिस ने विशेष इंतजाम किए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नए साल की पूर्व संध्या पर किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए मुंबई में 14,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि 31 दिसंबर को गेटवे ऑफ इंडिया, मरीन ड्राइव, गिरगांव चौपाटी, जुहू बीच और बांद्रा के बैंडस्टैंड सहित लोकप्रिय स्थानों पर बड़ी संख्या में लोगों के एकत्र होने की उम्मीद है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए 12,048 कांस्टेबल, 2,184 अधिकारी, 53 सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी), 29 पुलिस उपायुक्त (एसीपी) और 8 अतिरिक्त पुलिस आयुक्त रैंक के अधिकारी तैनात किए जाएंगे।

# अरुणाचल प्रदेश में धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम होगा लागू

**नई दिल्ली.** अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने घोषणा की है कि 'अरुणाचल प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम, 1978' को जल्द ही नियमों के साथ राज्य में लागू किया जाएगा। उन्होंने यह बात ईटानगर के आईजी पार्क में आयोजित आईजी पार्क में अरुणाचल प्रदेश के स्वदेशी आस्था और सांस्कृतिक समाज के रजत जयंती समारोह में कही। खांडू ने अरुणाचल प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री पीके थुंगन के प्रति आभार व्यक्त किया, जिनकी सरकार के दौरान 1978 में विधानसभा में यह कानून पारित किया गया था।

# ईडी अधिकारी के घर मिले 1.14 करोड़



**नई दिल्ली.** शिमला में सीबीआई ने कार्रवाई की है, जहां से प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों से जुड़े परिसर में तलाशी ली गई। इस तलाशी के दौरान ईडी ने 1.14 करोड़ नकदी बरामद की है। सीबीआई ने हिमाचल प्रदेश की राजधानी में ईडी कार्यालय और उसके परिसर में आरोपी अधिकारी के खिलाफ तलाशी अभियान चलाया और नकदी हासिल की। जांच एजेंसियों के अधिकारियों द्वारा पता चला कि आरोपी ईडी का सहायक निदेशक रैंक का अधिकारी है और वो रिश्वत लिया करता था। इस समय अधिकारी फरार है। हालांकि, आरोपी के भाई को भी सीबीआई ने एक व्यक्ति से रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है और गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सीबीआई से एक व्यक्ति ने शिकायत की थी। व्यक्ति ने आरोप लगाया था कि अधिकारी उसे रिश्वत मांग रहा है और न देने पर गिरफ्तार करने की धमकी भी दे रहा है। व्यक्ति की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की और सीबीआई द्वारा छापेमारी की गई, जिसके बाद से आरोपी फरार हो गया है। फरार ईडी आरोपी की तलाश जारी है और छापेमारी कर रही है।

# यूएस ने भारतीयों के लिए 10 लाख से अधिक वीजा जारी किए



**नई दिल्ली.**

अमेरिका ने लगातार दूसरे वर्ष भारतीयों के लिए 10 लाख से अधिक गैर-आप्रवासी वीजा जारी किए, जिनमें रिकॉर्ड संख्या में विजिटर वीजा भी शामिल हैं। भारत में अमेरिकी दूतावास की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि 2008/2009 शैक्षणिक वर्ष के बाद भारत 2024 में अंतरराष्ट्रीय छात्रों को भेजने वाला शीर्ष देश बन गया है।कुल मिलाकर 331,000 से अधिक छात्र अमेरिका में पढ़ रहे हैं। गैर-आप्रवासी वीजा उन विदेशी नागरिकों के लिए जारी किया जाता है जो अस्थायी आधार पर अमेरिका में प्रवेश चाहते हैं। इसके अतिरिक्त भारत ने लगातार दो वर्षों तक अंतरराष्ट्रीय स्नातक छात्रों के सबसे बड़े योगदानकर्ता के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखी है, जिनकी संख्या 19 प्रतिशत बढ़कर लगभग 200,000 हो गई है।

# अनशन पर बैठे डल्लेवाल से बात करेगा सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली.**

न्यूनतम समर्थन मूल्य सहित 13 मांगों पर अड़े किसानों के लिए अनिश्चितकालीन अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की स्थिति पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को चिंता व्यक्त की और पंजाब सरकार को उन्हें चिकित्सा सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया।

जस्टिस सूर्यकांत एवं जस्टिस सुधांशु धूलिया की अवकाशकालीन पीठ ने डल्लेवाल को चिकित्सा सहायता देने के आदेश का अनुपालन नहीं करने के लिए पंजाब के मुख्य सचिव (सीएस) एवं पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के विरुद्ध दायर अवमानना याचिका पर पंजाब सरकार को नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा कि अगर वहां कानून-व्यवस्था की समस्या है तो आपको सख्ती से निपटना होगा।

# जम्मू-श्रीनगर में भारी बर्फबारी

## घाटी में जनजीवन अस्त-व्यस्त, राजमार्ग पर सैकड़ों लोग फंसे

**श्रीनगर.**

भारी बर्फबारी के कारण शनिवार को घाटी में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। पीर पंजाल सुरंग और श्रीनगर शहर के बीच जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सैकड़ों वाहन फंसे रहे। शुक्रवार दोपहर को भारी बर्फबारी शुरू हो गई, जो शनिवार सुबह तक जारी रही। सड़क पर अत्यधिक फिसलन से पीर पंजाल सुरंग और श्रीनगर शहर के बीच सैकड़ों वाहन अटके पड़े हैं।



भारी बर्फबारी और शून्य से नीचे के तापमान के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर बर्फ की मोटी चादर जम गई। जिसकी वजह से हाइवे पर गाड़ियां कई घंटों तक सुरंग के अंदर फंसी रहीं। स्थानीय अधिकारी सड़क पर फंसी हुई गाड़ियों को निकालने के लिए काफी प्रयास कर रहे थे, लेकिन बर्फबारी के कारण वाहन लगातार कई घंटों तक फंसे रहे। श्रीनगर शहर और अन्य जिलों जैसे बडगाम, गांदरबल, बांदीपोरा, बारामुल्ला, कुपवाड़ा, पुलवामा, अनंतनाग, कुलगाम और शोपियां में भारी बर्फबारी के कारण सभी सड़कें बंद हो गईं। श्रीनगर शहर के कुछ हिस्सों को छोड़कर बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बंद हो गई। भारी बर्फबारी के कारण बिजली के खंभे उखड़ गए, ट्रांसमिशन लाइनें टूट गईं और बिजली ग्रिड बाधित हो गए। हालांकि इस बर्फबारी से स्थानीय लोग काफी खुश हैं। क्योंकि लंबे समय से सूखा चल रहा था और लोग अब अच्छी फसल की उम्मीद कर रहे है। पिछले चार महीनों में बारिश न होने के कारण घाटी के अधिकांश झरने और कुएं सूख गए थे।

श्रीनगर शहर और आसपास के इलाकों में यह मौसम की पहली बर्फबारी थी। बर्फबारी से घाटी में छुट्टियां मना रहे पर्यटकों के चेहरे भी खिल उठे। गुलमर्ग, पहलगाम, सोनमर्ग और अन्य पर्यटन स्थलों में करीब 10 इंच ताजा बर्फबारी हुई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में और बर्फबारी और बारिश का अनुमान जताया है।

शुक्रवार रात हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी के चलते सैकड़ों सैलानी फंस गए। इनको सुरक्षित स्थानों में पहुंचाने के लिए पुलिस और प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी। अंत में होटलों और लोगों के घरों में सैलानियों को ठहराया गया।

हिमाचल प्रदेश में लगातार बर्फबारी के चलते 134 सड़कें यातायात के लिए बंद कर दी गई हैं। यहां का मौसम ठीक होने के बाद ही इन सड़कों पर दोबारा आवागमन शुरू हो सकेगा। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, शिमला जिले में सबसे अधिक 77 सड़कें बंद हैं। इसके अलावा, 65 ट्रांसफार्मर बाधित हो गए, जिससे पूरे राज्य में बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई। बारिश के बाद हिमाचल के कई इलाकों में बर्फबारी का सिलसिला जारी है।

### कई राज्यों में बारिश का यलो अलर्ट

मौसम विभाग के मुताबिक, 28 दिसंबर को गुजरात, पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी राजस्थान, मध्य प्रदेश, विदर्भ, महाराष्ट्र, में भी गरज-बरस के साथ छिटपुट बारिश की संभावना है। इसके अलावा,कुछ इलाकों में बिजली गिरने और 30-5 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि मौसम के मिजाज में यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के